RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 253 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 04 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# यूपी में बुल्डोजर पर रार

## बुल्डोजर पर हर किसी का हाथ सेट नहीं : मुख्यमंत्री





**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बुल्डोजर को लेकर एक बार फिर राजनैतिक बयानों से माहौल गर्म हो गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बुलडोजर वाले तंज पर पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि बुलडोजर पर हर एक व्यक्ति का हाथ सेट नहीं हो सकता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 2027 में गोरखपुर का रुख करेगा बुल्डोजर : अखिलेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में पार्टी के गोरखपुर संगठन के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बुलडोजर एक्शन को लेकर बयान दिया कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की तरफ होगा। सपा मुखिया का यह रिएक्शन बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद आया है। इसके साथ ही सपा मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है।

## राहुल से मिले पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट

### हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने से चूकने के बाद चर्चा में आई पहलवान विनेश फोगाट नई पारी शुरू कर सकती है। हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सभी राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में लगे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों की अटकलों के बाद अब विनेश फोगाट और राहुल गांधी की मुलाकात की खबर आई है। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने लोकसभा में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रील बनाने के चक्कर में कट गया मोटा चालान



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रील बनाने के चक्कर में वाहन चालक दूसरे वाहन चालकों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर फेमस होने का भूत आज की पीढ़ी के सर ऐसा चढ़ कर बोल रहा है कि वह यातायात नियमों को तोड़कर रील बना रहे हैं। ऐसे ही रील बनाने के चक्कर में एक वाहन चालक को नोएडा पुलिस ने मोटा चालान काट दिया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 15 सित. के बाद अवैध बेसमेंट पर होगी कार्रवाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** 15 सितंबर के बाद शहर में बने सैकड़ों अवैध बेसमेंट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अवैध बेसमेंट में चल रही कोचिंग सेंटर की घटना के बाद नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शहर के सभी बेसमेंट की जांच कर उसकी रिपोर्ट मांगी है। 15 सितंबर तक सभी वर्क सर्किल को रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की आगामी रूपरेखा तय की जाएगी।



बता दें कि अभी तक ऐसे करीब 100 अवैध बेसमेंट को चिन्हित किया जा चुका है। 15 सितंबर तक ऐसे अवैध बेसमेंट की संख्या 200 पार होने का अनुमान है। जिन लोगों ने नक्शा के विपरीत तथा अनुमति के बिना बेसमेंट का निर्माण किया है उन संपत्ति मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्राधिकरण को सभी वर्क सर्किल से रिपोर्ट मिलने का इंतजार है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के घर के बाहर शिक्षक-अभ्यार्थियों का प्रदर्शन



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यार्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को जल्द लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यार्थी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर भी प्रदर्शन कर चुके हैं। आज भी शिक्षक अभ्यार्थियों ने प्रदर्शन किया है।

69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। बुधवार को अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा महानगर कांग्रेस की 38 सदस्यीय कमेटी घोषित

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी की 38 सदस्यीय कमेटी घोषित कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन अनिल यादव ने महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव द्वारा भेजी गई कमेटी को हरी झंडी दे दी है। जिसे आज घोषित किया गया है।

महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि नई कमेटी में 7 उपाध्यक्ष, 9 महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी तथा 19 सचिव बनाये गये हैं।





उन्होंने बताया कि संजय तनेजा को कोषाध्यक्ष, पीसीसी सदस्य पवन शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं दिनेश अवाना, चरण सिंह यादव, राज कुमार भारती, ललित अवाना, जितेन्द्र अम्बावत तथा पीसीसी सदस्य यतेन्द्र शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि महासचिव पद पर विक्रम चौधरी, रोहित सपरा, कैप्टन पीएस रावत, सतेन्द्र शर्मा, राम कुमार शर्मा, दयाशंकर पांडेय, मो. गुडडू, एसएस सिसोदिया तथा विक्रम सेठी को नियुक्त किया गया है।

जबकि सचिव पद की जिम्मेदारी इन्द्रजीत तिवारी, सुमनराय, वीरेन्द्र मुखिया, मधुराज, आर.के. प्रथम, सैययद मजर हुसैन, एसएस राणा, मो. अनीस, शमशेर अब्बासी, राजकुमार मोनू, वीरो देवी, देवेन्द्र कुमार यादव, महेश कुमार, संजय यादव, राहुल सिंह, रोबिन यादव, अमित जैन तथा आशुतोष पाठक को सौंपी गयी है।

## पशु चिकित्सालय से कीमती दवाईयां व सामान चोरी

**दादरी (चेतना मंच)।** थाना दादरी में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दादरी स्थित पशु चिकित्सालय से अज्ञात बदमाशों में दवाइयां और अन्य कीमती सामान चोरी कर ली है। थाना दादरी पुलिस ने बताया कि डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी पुत्र राम अंजर त्रिपाठी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी दादरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दादरी स्थित पशु चिकित्सालय से अज्ञात बदमाशों ने कीमती दवाइयां और अन्य सामान चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्रकार का मोबाइल लूटने वाला मुठभेड़ में घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-63 पुलिस और स्नैचिंग करने वाले बदमाश के बीच हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश दीपक राय पुत्र सोम प्रकाश राय निवासी ग्राम बालूशासन, थाना खलीलसबाद, जिला संत कबीरनगर वर्तमान पता आश्रम वाली गली, छिजारसी, थाना सेक्टर-63 को बहलोलपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड से सटे हुए ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया है।

बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया था जिसपर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से 6 स्नैचिंग किये हुए मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल (फेज वन मयूर विहार, दिल्ली से चोरी), 1 अवैध तमंचा 315 बोर मय 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद हुए है। अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त शातिर किस्म का अंतर्राज्यीय चोर/मोबाइल स्नैचर है। दीपक के विरुद्ध 20 अभियोग दिल्ली तथा 10 अभियोग नोएडा में दर्ज है। अभियुक्त के कब्जे से बरामद मोबाइल में (शेष पृष्ठ-3 पर)





## अमित त्यागी को मिली भाजपा सदस्यता अभियान में गाजियाबाद की जिम्मेदारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान के लिए भंगेल निवासी अमित त्यागी को गाजियाबाद जनपद का प्रवासी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने की है।



मालूम हो कि अमित त्यागी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हैं। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय समिति के कार्यसमिति सदस्य विराट सिंह को भी गाजियाबाद जनपद का प्रवासी नियुक्ति किया गया है।

बता दें कि भाजपा का सदस्यता अभियान आज से समूचे उत्तर प्रदेश में शुरू हो गया है। जो 19 सितंबर तक चलेगा।

## बकायेदार बिल्डर्स पर चलेगा प्राधिकरण का चाबुक!

### 12616 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री अटकी, ईओडब्ल्यू को सौंपी जाएगी जांच

**नोएडा (चेतना मंच)।** अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत सहमति और कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा नहीं करने वाले बिल्डरों पर अब प्राधिकरण का चाबुक चलेगा। नोएडा क्षेत्र के 29 बिल्डर है। जिन पर करीब 6902 करोड़ रुपए बकाया है। से पैसा जमा कर दे तो 12616 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो सकती है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इन बिल्डरों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इसमें नौ बिल्डर ऐसे है जिनको कई बार नोटिस जारी कर बैठक में बुलाया गया। लेकिन अब तक न तो इन लोगों ने सहमति दी है और न ही ये बैठक में उपस्थित हुए। हाल ही में लखनऊ में हुई बैठक के बाद ये निर्णय लिया गया है कि ऐसे सभी बिल्डरों का भूखंड निरस्त किया जाए। साथ ही अनसोल्ड इन्वेंट्री को सील किया जाए। अनसोल्ड इन्वेंट्री को बेचकर बकाया वसूल किया जाए। साथ ही आर्थिक अपराध शाखा को जांच के लिए संदर्भित किया जाए। ऐसे बिल्डर जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत सहमति दी लेकिन पैसा जमा नहीं किया। इनकी संख्या 7 है। जिन पर 1575.48 करोड बकाया है। ये पैसा जमा कर दे तो 2853 रजिस्ट्री हो सकेंगी।

ऐसे बिल्डर जिन्होंने सिफारिश के तहत सहमति दी और आंशिक पैसा जमा किया। इनकी संख्या 13 है। इन पर 4147.54 करोड़ का बकाया है। पैसा जमा करने पर 5263 बायर्स की रजिस्ट्री हो सकेगी। ऐसे बिल्डर जिन्होंने न तो सहमति दी और न बैठक में आए । इनकी संख्या 9 है। इन पर 1180 करोड़ का बकाया है। पैसा जमा करने पर 4500 बायर्स की रजिस्ट्री हो सकेगी।




### 12616 बायर्स की फंसी रजिस्ट्री

इन बिल्डरों पर 6902 करोड़ के आसपास बकाया है। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत इन बिल्डरों को दो साल कोविड का लाभ देते हुए जीरो पीरियड दिया गया। इसके बाद इनको कुल बकाया का महज 25 प्रतिशत पैसा जमा करना था। बाकी रकम किस्तों में देनी थी। बिल्डरो ने न तो पैसा जमा किया और न ही सहमति दी। ऐसे में प्राधिकरण अब एक्शन लेने जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री कल नोएडा में, सदस्यता अभियान का करेंगे शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा गौतमबुद्धनगर जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह कल नोएडा आएंगे। वे यहां सदस्यता अभियान के लिए बैठक करेंगे तथा अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री तथा सदस्यता अभियान प्रभारी उमेश त्यागी ने दी है।



इस दौरान प्रभारी मंत्री कैलाश सभागार में एक पत्रकार वार्ता भी करेंगे। जिसमें सांसद डा. महेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## गरिमामय सफर

यह सुखद ही है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी कि जिला स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों का ग्राफ लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है। जिला अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामलों का लंबित होना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जिसके लिये न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। दरअसल, कुछ समाजशास्त्री मानते रहे हैं कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की वजह वह जटिल व्यवस्था भी है, जिसके चलते अपराधी बच निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं। किसी भी वारदात के बाद आम विमर्श का विषय होता है कि अपराधियों में पुलिस व कानून का भय नहीं रह गया है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निर्विवाद रूप से देश के सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे युगांतरकारी फैसले दिये हैं, जिन्होंने न केवल संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की बल्कि महिलाओं-बच्चों व पीड़ित पक्षों को न्याय भी दिलाया है। साथ ही समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। यही वजह है कि व्यक्ति न्यायालय को अंतिम न्याय की किरण के रूप में देखता रहा है। शीर्ष न्यायालय ने जनाकांक्षाओं से जुड़े गंभीर मामलों में कई बार स्वत: संज्ञान लेते हुए संकटमोचक की भूमिका भी निभायी है। हाल ही में कोलकाता की डॉक्टर के साथ हुए वीभत्स कांड के बाद डॉक्टरों की सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार करने में भी शीर्ष अदालत ने बड़ी पहल की थी। निस्संदेह, भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली जिला अदालतें भी इस दिशा में बदलावकारी पहल कर सकती हैं। जिससे आम आदमी का न्यायिक व्यवस्था में भरोसा और मजबूत हो सकेगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मेरा आर्तभाव, विनय और दीनता इस सुंदर और निर्मल जल का कम हलकापन नहीं है ( अर्थात अत्यंत हलकापन है )। यह जल बड़ा ही अनोखा है, जो सुनने से ही गुण करता है और आशा रूपी प्यास को और मन के मैल को दूर कर देता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**राम सुप्रेमहि पोषत पानी। हरत सकल कलि कलुष गलानी॥**
**भव श्रम सोषक तोषक तोषा। समन दुरित दुख दारिद दोषा॥**

यह जल श्री रामचंद्रजी के सुंदर प्रेम को पुष्ट करता है, कलियुग के समस्त पापों और उनसे होने वाली ग्लानि को हर लेता है। (संसार के जन्म-मृत्यु रूप) श्रम को सोख लेता है, संतोष को भी संतुष्ट करता है और पाप, दरिद्रता और दोषों को नष्ट कर देता है॥

**काम कोह मद मोह नसावन। बिमल बिबेक बिराग बढ़ावन॥**
**सादर मज्जन पान किए तें। मिटहिं पाप परिताप हिए तें॥**

यह जल काम, क्रोध, मद और मोह का नाश करने वाला और निर्मल ज्ञान और वैराग्य को बढ़ाने वाला है। इसमें आदरपूर्वक स्नान करने से और इसे पीने से हृदय में रहने वाले सब पाप-ताप मिट जाते हैं॥

**जिन्ह एहिं बारि न मानस धोए। ते कायर कलिकाल बिगोए॥**
**तृषित निरखि रबि कर भव बारी। फिरिहहिं मृग जिमि जीव दुखारी॥**

जिन्होंने इस (राम सुयश रूपी) जल से अपने हृदय को नहीं धोया, वे कायर कलिकाल के द्वारा ठगे गए। जैसे प्यासा हिरन सूर्य की किरणों के रेत पर पड़ने से उत्पन्न हुए जल के भ्रम को वास्तविक जल समझकर पीने को दौड़ता है और जल न पाकर दु:खी होता है, वैसे ही वे (कलियुग से ठगे हुए) जीव भी (विषयों के पीछे भटककर) दु:खी होंगे॥

(क्रमश:..)

# महिला विरोधी अपराध के दलदल में भद्रलोक

बंकिम चंद्र की शस्य श्यामला माटी वाला पश्चिम बंगाल शक्ति पूजक समाज है। शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती दुर्गा के स्वागत में हर साल विभोर होती रही है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान की कैसी परंपरा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। जहां मूर्ति बनाने के लिए उन वेश्याओं के घर से पहली मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें आम तौर पर समाज त्याज्य और गंदा मानता है। बंगाल की धरती कैसी नारी पूजक रही है, किस तरह वह नारियों का सम्मान करती रही है, इसके उदाहरण आजादी के आंदोलन के इतिहास में जैसे मिलते हैं, अन्य राज्यों में कम। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान और संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थी। पहली थीं अरूणा गांगुली, जो बाद में अरूणा आसफ अली बनीं, दूसरी थीं सुचेता मजूमदार जो बाद में सुचेता कृपलानी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। तीसरीं थीं सरोजिनी चट्टोपाध्याय जो बाद में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू बनीं। बंगाल की माटी नारी की कितना सम्मान करती रही है, उसका एक और उदाहरण कमला देवी चट्टोपाध्याय भी रहीं। जब भारत के अन्य इलाकों की महिलाएं घूंघट के पीछे सिर्फ परिवार के कोल्हू में पिस रहीं थीं, तब बंगाल ने अपनी बेटियों को वाजिब सम्मान दिया और उन्हें आगे बढ़ाया। उस बंगाल में कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी की कल्पना तक नहीं की जाती थी। वहां अब हालात कैसे बदल गए हैं, इसका अंदाजा लगाने के लिए राधागोविंद कर अस्पताल में हुई घटना को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है।




समूचा देश अपनी आजादी की 77 वीं सालगिरह के जश्न में थककर पंद्रह अगस्त की रात जब मीठी नींद के आगोश में था, भद्रलोक की राजधानी कोलकाता के राधा गोविंद कर यानी आरजी कर अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बर्बरता पूर्वक रेप के बाद हत्या कर दी गई। बंगाल में देर रात तक दफ्तर से लौटने वाली लड़कियों की कभी घरवाले चिंता तक नहीं करते थे, अब वे परेशान हो उठे हैं। बंगाल के लोग अपनी बच्चियों के लिए चिंतित हो उठे हैं। बंगाल की धरती पर शायद यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी महिला के साथ ऐसी बर्बरता की गई है। इससे शक्तिपूजक बंगाली समाज का क्रोध और क्षोभ से भरना स्वाभाविक है। दिलचस्प यह है कि पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है, जिसे महिला मुख्यमंत्री का गौरव हासिल है। महिला के राज में किसी महिला के साथ ऐसा दुराचार लोगों के गले आसानी से नहीं उतर रहा। इसलिए बंगाल इन दिनों खौल रहा है। बंगाल के चुनिंदा बुद्धिजीवियों को छोड़ दें तो समूचा बौद्धिक समाज सड़कों पर उतर आया है। जो चुप हैं या व्यवस्था की तरफदारी कर रहे हैं, वे सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं, सांसद या किसी अन्य पद पर हैं।

अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आई थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। संदेशखाली को लेकर बंगाली समाज में उबाल तो आया, लेकिन वैसा नहीं, जैसा आरजी कर अस्पताल की दुराचार के बाद दिख रहा है। शायद संदेशखाली की पीड़िताएं ग्रामीण इलाकों की हैं, जबकि आरजी कर की घटना उस कोलकाता शहर की है, जिसे भद्रलोक समाज के लिए जाना जाता है।

पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ। अवैध घुसपैठियों के समर्थन में बीजेपी छोड़ तकरीबन समूचा बंगाली राजनीति है। 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़ा झुंड उभरा। सरकार पर संगठन का नियंत्रण होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जा सकता है। लेकिन संगठन की ओर से समानांतर व्यवस्था चलाना और शासन में हर स्तर पर हस्तक्षेप शासन की निष्पक्षता को तो खत्म करता ही है, शासन को पंगु भी बना देता है। प्रांत से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्थापित वामपंथी व्यवस्था ने ऊपर से नीचे तक प्रशासन को अपना गुलाम बनाने में कामयाब रहा। प्रशासन और समानांतर पार्टी व्यवस्था ने मिलकर अपराध और राजनीति का मजबूत गठजोड़ बनाया। इस गठजोड़ में पैसा था, पॉवर था, ताकत थी। नीचे से मिले पैसे उपर तक पहुंचते रहे। जनता ठगी जाती रही है। पश्चिम बंगाल का समाज उस संस्थानिक व्यवस्था से इतना परेशान था कि संघर्षशील ममता बनर्जी में नई उम्मीद दिखी। बंगाली समाज को लगा कि संघर्षशील ममता नई बयार बनकर पश्चिम बंगाल की व्यवस्था में जमी काई को साफ कर देगी। उन्हें उम्मीद थी कि ममता अपने राजनीतिक औजारों से बंगाल की व्यस्था में जमे नासूर को साफ कर देंगी। लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। ममता भी उसी कदम पर चल पड़ी। निचले स्तर पर जो वामपंथी कैडर था, वह ममता का कार्यकर्ता बन गया। अवैध घुसपैठ बनती रही। घुसपैठियों या पूर्वी बंगाल के लोगों को पश्चिम बंगाल को लोग बांगाल बोलते हैं। कहने का मतलब यह है कि बांगाल के हवाले होती रही राजनीति और सीमा के पार तक के अल्पसंख्यक तुष्टिकरण से प्रशासन लगातार या तो पंगु होता गया या फिर सत्ताधारी तंत्र का चारण बनता गया। प्रशासन का यह चारण रूप 16 अगस्त को भी दिखा, जब आरजी कर की पीड़िता की रिपोर्ट साढ़े ग्यारह बजे रात को दर्ज की गई, जबकि उसके साथ बलात्कार और उसका मर्डर पंद्रह अगस्त की रात को दो से ढाई बजे के बीच हो चुका था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी नोटिस किया और कोलकाता पुलिस को डांट भी पिलाई। सुप्रीम कोर्ट जजों ने तो यहां तक कहा कि अपने तीस साल में ऐसा कभी होते नहीं देखा।

पश्चिम बंगाल में ही हो सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप में पुलिस अधिकारी के घर केंद्रीय एजेंसी छापा मारने पहुंचे तो मुख्यमंत्री खुद दल बल अपने भ्रष्ट अधिकारी के पक्ष में धरना देने पहुंच जाएं। कुछ इसी अंदाज में ममता की अगुआई में कोलकाता में बलात्कार और कत्ल की घटना के विरोध में धरना दिया गया। कह सकते हैं कि यह सरकार के खिलाफ सरकार का धरना था। ऐसा दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कम से कम अब तक तो नहीं ही देखा गया है। ममता ने चूंकि प्रशासन में किसी तरह का गुणात्मक बदलाव नहीं किया, बल्कि वामपंथ जैसी कैडर व्यवस्था विकसित कर ली और उसे छूट दी। अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं और नेताओं के सामने स्थानीय पुलिस झुकने को मजबूर हो गई। इससे राज्य में अपराध बढ़ा और पुलिस का इकबाल कम हुआ। पुलिस का भरोसा अगर बना रहता तो शायद पश्चिम बंगाल में अपराध की घटनाएं इतनी ज्यादा नहीं बढ़तीं। पुलिस की लाचारगी तो आरजी कर बलात्कार में बार-बार नजर आई है।

बंगाल के बारे में कहा जाता रहा है कि बंगाल जो आज सोचता है, वैसी सोच भविष्य में दूसरे राज्यों की होती है। लेकिन बलात्कार और बढ़ती अपराध की घटनाओं को लेकर नहीं कह सकते कि बंगाल से बाकी राज्यों में उससे ज्यादा हो सकता है। ऐसी सोच होनी भी नहीं चाहिए। लेकिन यह उम्मीद जरूर करनी चाहिए कि आगे की सोच रखने वाला भद्रलोक इस दिशा में भी सोचेगा। उसका गुस्सा एक ऐसे बंगाल की रचना करेगा, जहां की धरती में रवींद्र संगीत गूंजता रहेगा, जहां बंकिम के गीत गाए जाते रहेंगे। जहां उसकी नारियां स्वाधीन ढंग से काम कर सकेंगी और समाज में निर्भीक तरीके से आगे बढ़ सकेंगी। जिसमें सिंदूर खेला होगा, घुंघुंची नृत्य होगा, दुर्गा देवी की पूजा होगी।

**-उमेश चतुर्वेदी**

# उत्तर प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों से सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद उपचुनाव से पहले संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। पिछले ढाई वर्षों से लंबित पड़ी राजनैतिक नियुक्तियों का सिलसिला अब प्रदेश में आरंभ हो गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से योगी सरकार बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगम, आयोग, और बोर्ड में चेयरमैन और सदस्य के रूप में नियुक्त करके उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश में जुटी हुई है। यह रणनीति सरकार द्वारा सामाजिक समीकरणों को फिर से मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल 25 मार्च 2022 को आरंभ हुआ था। इसके बाद से ही बीजेपी कार्यकर्ता राजनैतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालांकि, सरकार और संगठन के बीच तनातनी के कारण आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों के नामों पर सहमति नहीं बन पा रही थी। हाल ही में लखनऊ में संघ, सरकार, और संगठन के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू किया गया है।

योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां ढाई साल के अंतराल के बाद की गई हैं, जिससे प्रदेश के राजनैतिक समीकरणों को साधने की कवायद की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा को नियुक्त किया गया है। साथ ही मिर्जापुर के सोहन लाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 24 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें सत्येंद्र कुमार बारी, मेलाराम पवार, फुल बदन कुशवाहा, विनोद यादव, शिव मंगल बयार, अशोक सिंह, ऋचा राजपूत, चिरंजीव चौरसिया, रवींद्र मणि, आरडी सिंह, कुलदीप विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद सिंह, रामशंकर साहू, डॉ. मुरहू राजभर, घनश्याम चौहान, जनार्दन गुप्ता, बाबा बालक, रमेश कश्यप, प्रमोद सैनी, करुणा शंकर पटेल, महेंद्र सिंह राणा और राम कृष्ण सिंह पटेल शामिल हैं।

योगी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का भी गठन किया है। बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 17 अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है, जिनमें हरेंद्र जाटव, महिपाल बाल्मीकि, संजय सिंह, दिनेश भारत, शिव नारायण सोनकर, नीरज गौतम, रमेश कुमार तूफानी, नरेंद्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनिता राम, रमेश चंद्र, मिठाई लाल, उमेश कठेरिया, अजय कोरी, जितेंद्र कुमार, और अनिता कमल शामिल हैं।

गोरखपुर यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में लंबित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। उपचुनाव से पहले योगी सरकार ने इन राजनैतिक नियुक्तियों के माध्यम से सियासी समीकरणों को साधने की कोशिश शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की कमान कुर्मी समुदाय के नेता को सौंपी है, जबकि अन्य ओबीसी जातियों को उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिसमें पाल समाज को भी अहम स्थान दिया गया है। इसी तरह से आयोग में सदस्यों के रूप में अतिपिछड़ी जातियों को विशेष तवज्जो दी गई है। अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग की कमान पासी समुदाय के नेता को सौंपी गई है, जबकि उपाध्यक्ष के पद पर खरवार समाज को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दलित समाज की अन्य जातियों के नेताओं को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा सेवा चयन आयोग की कमान ब्राह्मण समाज से आने वाली कीर्ति पांडेय को दी गई है, जो सामाजिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव बीजेपी के लिए काफी अहम हैं, खासतौर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ 33 सीटें ही मिली हैं, जबकि 2019 में जीती हुई 29 सीटों का नुकसान हुआ है। प्रदेश में मिली इस हार ने बीजेपी को हिला कर रख दिया है, जिसके चलते उपचुनाव को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभालते हुए उपचुनाव वाली सीटों पर प्रचार के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की है। इसके लिए उन्होंने नाराज कार्यकर्ताओं और नेताओं को मनाने का काम भी शुरू कर दिया है, जिसके तहत राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू हुआ है। पार्टी के बड़े नेताओं को विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने का अवसर मिलता है, जबकि कार्यकर्ताओं को सत्ता में आने पर राजनैतिक नियुक्तियां मिलने की आस रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने अब नियुक्तियों का सिलसिला शुरू करके कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया है।

हालांकि, अभी भी कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां नहीं की गई हैं। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों का कार्यकाल 2022 की शुरुआत में खत्म हो चुका है। राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, और 25 सदस्यों के पद भी खाली पड़े हैं। इसके अलावा प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका, और 546 नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों और सदस्यों की नियुक्तियां होनी हैं, जो 2022 से खाली हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पूर्व सैनिक कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश किन्नर विकास निगम, सिंधी अकादमी, पंजाबी अकादमी, और उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम में भी नियुक्तियां अभी लंबित हैं।

योगी सरकार में सिर्फ बीजेपी के नेता ही नहीं, बल्कि सहयोगी दलों के नेता भी इन नियुक्तियों के लिए दावेदारी कर रहे हैं। अपना दल (एस), आरएलडी, सुभासपा, और निषाद पार्टी के नेता भी निगम, आयोग, और बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्य बनने की जुगत में हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव से पहले सपा, बसपा, और कांग्रेस से आए नेता भी इन नियुक्तियों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन नियुक्तियों के माध्यम से सत्ताधारी दल सूबे के सामाजिक समीकरणों को साधने का प्रयास कर रहा है।

उत्तर प्रदेश की राजनीतिक फिजां में इन नियुक्तियों का खासा असर दिखाई दे रहा है। उपचुनाव से पहले की जा रही ये नियुक्तियां स्पष्ट तौर पर चुनावी गणित को साधने के लिए हैं, जहां सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है।

# राशिफल

**भाद्रपद शुक्ल पक्ष : प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2081)**



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
डिस्टर्बिंग समय रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी रहेगी। डिस्टर्बिंग समय रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
अहंकारी न होने का प्रयास करें। आपकी कड़ी मेहनत आपको प्रमोशन दिला सकती है।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घरेलू सुख बाधित होगा। घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। व्यापारिक स्थिति मध्यम है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन-हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम, संतान भी अच्छा है। व्यापार भी अच्छा रहेगा।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आपकी ऊर्जा का उतार चढ़ाव आपके मन की बेचैनी और परेशानी को बढ़ाएगा। एक असमंजस की स्थिति बनी रहेगी।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है। व्यापार भी ठीक रहेगा।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा में कष्ट संभव है। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यवसाय की स्थिति मध्यम है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भाग्य पर भरोसा करके कोई काम मत करिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। अपमानित होने का भय रहेगा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते है। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान मध्यम।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वयं के स्वास्थ्य पे और जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार भी मध्यम।

# किसान एकता संघ ने रामपुर टोल प्लाजा पर की पंचायत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा व जिलाध्यक्ष पप्पे नागर के नेतृत्व में राष्ट्रीय संरक्षक चाचा बाली की अध्यक्षता में ईस्टर्न पैरीफेरल रामपुर टोल प्लाजा पर ईस्टर्न पैरीफेरल पर हो रही अव्यवस्थाओं व क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत का आजोजन किया ।

इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में रामपुर टोल प्लाजा पर NHAI के नाम ईस्टर्न पैरीफेरल पर हो रही अव्यवस्थाओं व क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा समस्याओं का समाधान समय से ना किए जाने पर आज क्षेत्रीय किसानों ने किसान एकता संघ संगठन के बैनर तले एकत्रित होकर पंचायत कर नाराजगी जाहिर की। संगठन के कार्यकर्ताओं व किसानों



शांति पूर्ण तरीके से अपनी मांगों को मनवाने के पंचायत शुरू की और सभी वक्ताओं ने टोल प्रशासन के कर्मचारियों की गलत नीतियों पर अपने वक्तव्य में नाराजगी जाहिर की।

पंचायत में किसानों की तादात बढ़ती देख मौके पर एडीसीपी अशोक कुमार व इंस्पेक्टर कासना विनोद कुमार,इंस्पेक्टर दनकौर मुनेन्द्र सिंह पहुंचकर किसानों से समस्याओं को सुना संगठन ने मांग की एक्सप्रेस पर लाइट,सुलभ शौचालय, क्रेन,सभी एंडरपास की सफाई कराई जाए क्षेत्रीय किसानों को आईडी के आधार पर टोल फ्री किया जाए पंचायत में टोल प्रशासन की तरफ से एसिस्टेंट मैनेजर दीपचंद व शिफ्ट इंचार्ज कमल नागर ने किसानो की मांगो को सुना और 15 दिनों में समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने बताया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नही हुआ तो संगठन दोबारा पंचायत करने के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान बबली कसाना, देशराज नागर, श्रीकृष्ण बैंसला, मोहनपाल, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, जगदीश शर्मा, तरुण चौधरी, प्रिन्स शर्मा, राजेन्द्र चौहान, मेहरबान, मनोज नागर, कृष्ण शर्मा,अर्चना सिंह,अरविन्द सेक्रेटरी, ओमवीर समसपुर, अखिलेश प्रधान, कमल यादव, अमित अवाना, परवेज खान, नीरज कसाना, अमित नागर, केशव रावल,राहुल रावल, पंकज रावल,जग्गा अधाना, जितेंद्र श्योरान, राजेन्द्र चौहान प्रमोद हूण, जाफर खान , सल्लन, अरुण खटाना, हिमाचल, राजेन्द्र भाटी, रवि नागर,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भूमिहीनों के लिए आवास व रोजगार की लड़ाई लड़ेगी असपा : सुशील प्रधान

**ग्रेटर नोएडा।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रधान सुशील नागर का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नागर ने ऐलान किया कि 11 सितंबर को पार्टी द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले महाआंदोलन को सफल बनाने के लिए जिले में जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी। जन जागरण यात्रा के दौरान जिले की तीनों विधानसभाओं में 2 दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, गरीब, मजदूर और किसान रामलीला मैदान में पहुंचकर महाआंदोलन के दौरान होने वाली 'संविधान लीला' के साक्षी बनेंगे।

इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में आजाद समाज पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रधान सुशील नागर ने मीडियो को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार दलितों, वंचितों, पिछड़ों और किसान



मजदूर का शोषण कर रही है। ऐसे में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने 11 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महाआंदोलन का ऐलान किया है। जिसे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के द्वारा 'संविधान लीला' का नाम दिया गया है। जिसके तहत देश में जातिवार जनगणना, क्रीमीलेयर सिस्सटम बंद करने, वंचित जातियों को ईडब्लूएस की तरह अलग 10 फीसदी आरक्षण दिए जाने समेत निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था किए जाने की मांग केंद्र की सरकार के सामने रखी जाएगी।

# घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और 60 हजार रुपए नकद तथा तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिये। घटना के समय परिवार के लोग घर में सो रहे थे। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने बताया कि राहुल कौशिक निवासी सेक्टर-11 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक सितंबर की सुबह 5 बजे के करीब जब वह सोकर उठे तो उन्होंने देखा कि उनकी लोहे की अलमारी खुली हुई है, तथा घर का सामान बिखरा पड़ा है। इस बात की जानकारी अपनी पत्नी श्वेता को दी। पीड़ित के अनुसार जांच के दौरान उन्हें पता चला कि अज्ञात चोरों ने उनके घर में रखी अलमारी के सेफ को खोलकर उसमें रखा हुआ लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात तथा 60 हजार रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर शाह ने कल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की और राजनैतिक चर्चा की।**

# श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा की कार्यकारिणी वा पदाधिकारियों की एक बैठक बीटा-2 ठाकुरद्वारा मंदिर में परम पूज्य गोस्वामी सुशील महाराज जी के अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष श्री आनंद भाटी ने बताया रामलीला का मंचन राजस्थान के कलाकारों के दुबारा ग्रेटर नोएडा के रामलीला मैदान ऐचेछर पाई सैक्टर रामलीला का भूमि पूजन 8 सितंबर 2024 को दिन रविवार को वैदिक मंत्रों के द्वारा हवन किया जाएगा।

इस मौके पर संस्था के मुख्य संस्थापक गोस्वामी सुशील महाराज, संस्थापक ऐडवोकेट राजकुमार नागर, संरक्षक हरवीर मावी,नरेश कुमार गुप्ता,शेर सिंह भाटी,पंडित प्रदीप शर्मा,बालकिशन सफीपुर, सुशील नागर, उमेश गौतम, आनंद भाटी अध्यक्ष, ममता तिवारी महासचिव, अजय कुमार नागर कोषाध्यक्ष, धीरेंद्र भाटी मीडिया प्रभारी, महेश शर्मा, पवन कुमार नागर, रोशन सिंह, श्री फिरे प्रधान अतुल आनंद, दिनेश कुमार गुप्ता, बीरपाल मावी, राजेश शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# भाकियू (शक्ति संघ) की हुई बैठक





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (शक्ति संघ) का एक कार्यक्रम नई बस्ती दादरी में किया गया जिसमें संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूथ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अवतार भाटी को मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पहलवान ने किया। बैठक में कई लोगों को पद विचलित किया। संगठन में दादरी नोएडा गाजियाबाद दिल्ली हरियाणा के सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले सिंह वह मंच संचालन संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्र नगर ने किया स्वागत कार्यक्रम संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील भारती और राष्ट्रीय मुख्य महासचिव उधम भाटी ने किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र नागर एनसीआर अध्यक्ष राहुल शर्मा रॉकी नगर विनीत नगर गौरव नगर गोविंद नगर विकास नगर आज सैकड़ो लोगों ने संगठन में के कार्यक्रम में हिस्सा लिया कार्यक्रम के अंत में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान ने कहा कि संगठन को मजबूती देना हमारी प्रमुख लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर एवं किसानों की लड़ाई लड़ने का इस बैठक में निर्णय लिया गया है कार्यक्रम में आए सभी लोगों का राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान ने धन्यवाद व्यस्त किया।

# दीदी की रसोई ने जरूरतमंदों को कराया नि:शुल्क भोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर के गरीब मजदूर व जरूरतमंद लोगों की सेवा में रात दिन लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-14 ए, शनि मन्दिर पर गरीब जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है।

# सीपीआई (एम) हबीबपुर व ग्रेटर नोएडा पार्टी ब्रांच का सम्मेलन हुआ संपन्न

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्थानीय कमेटियों के ब्रांच सम्मेलन करने की चल रही प्रक्रिया के तहत आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) हबीबपुर व ग्रेटर नोएडा पार्टी ब्रांच का सम्मेलन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए माकपा जिला प्रभारी गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हबीबपुर उद्योग केंद्र पार्टी ब्रांच का सम्मेलन एक्सीडेंट टूल्स कंपनी के पास कामरेड जय राम की अध्यक्षता में हुआ। रिपोर्ट और जन मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से कामरेड रणजीत तिवारी को पार्टी ब्रांच सचिव चुना गया।

उक्त दोनों ब्रांचो के सम्मेलन सीपीआई एम जिला कमेटी के नेता कामरेड रामसागर के नेतृत्व में संपन्न हुए। उन्होंने सरकार की मजदूर- किसान व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ और बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व स्थानीय मुद्दों पर जन संघर्षों को तेज करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

सम्मेलन में जन मुद्दों पर संघर्षों को तेज करने का निर्णय लिया गया।




## 14034/14033 जम्मू मेल का सूबेदारगंज तक विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. **14034/14033 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – दिल्ली जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (जम्मू मेल) को दिनांक 05.09.2024 से सूबेदारगंज तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–**

| स्टेशन | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी संख्या 14034 | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 15:20 | -- | 15:20 |
| शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से अंबाला कैंट जंक्शन के बीच समय में कोई बदलाव नहीं। | | | | |
| अंबाला छावनी जं. | 00:28 | 00:35 | 00:25 | 00:30 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 01:05 | 01:07 | 00:59 | 01:01 |
| करनाल | 01:30 | 01:32 | 01:22 | 01:24 |
| पानीपत जं. | 01:54 | 01:56 | 01:44 | 01:46 |
| समालखा | 02:10 | 02:12 | 01:58 | 02:00 |
| सोनीपत जं. | 02:53 | 02:55 | 02:17 | 02:19 |
| नरेला | 03:09 | 03:11 | 02:31 | 02:33 |
| आदर्श नगर दिल्ली | 03:28 | 03:30 | 02:54 | 02:56 |
| सब्जी मण्डी | 03:39 | 03:41 | 03:04 | 03:06 |
| दिल्ली जं. | 04:30 | -- | 04:05 | 04:20 |
| अलीगढ़ जं. | विस्तारित स्टेशन | | 06:08 | 06:10 |
| टूण्डला | | | 07:06 | 07:08 |
| गोविन्दपुरी | | | 09:25 | 09:30 |
| फतेहपुर | | | 10:25 | 10:27 |
| सूबेदारगंज | | | 12:35 | -- |

| स्टेशन | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी संख्या 14033 | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| सूबेदारगंज | विस्तारित स्टेशन | | -- | 10:35 |
| फतेहपुर | | | 11:40 | 11:42 |
| गोविन्दपुरी | | | 13:10 | 13:15 |
| टूण्डला | | | 15:58 | 16:00 |
| अलीगढ़ जं. | | | 17:08 | 17:10 |
| दिल्ली जं. | -- | 20:05 | 19:55 | 20:10 |
| सब्जी मण्डी | 20:20 | 20:21 | 20:23 | 20:25 |
| नरेला | 20:41 | 20:43 | 20:45 | 20:47 |
| सोनीपत जं. | 20:57 | 20:59 | 21:01 | 21:03 |
| गन्नौर | 21:12 | 21:14 | 21:19 | 21:21 |
| समालखा | 21:25 | 21:27 | 21:32 | 21:34 |
| पानीपत जं. | 22:02 | 22:04 | 21:48 | 21:50 |
| करनाल | 22:26 | 22:28 | 22:12 | 22:14 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 22:52 | 22:54 | 22:47 | 22:49 |
| अंबाला छावनी जं. | 00:02 | 00:07 | 00:02 | 00:07 |
| अंबाला कैंट जंक्शन से शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) के बीच समय में कोई बदलाव नहीं। | | | | |
| श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 09:15 | -- | -- | 09:15 |

नोटः रेलगाड़ी संख्या 14034/14033 सुबेदारगंज – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा का सुपरफास्ट श्रेणी में परिवर्तन होने के कारण इसकी रेलगाड़ी संख्या मे बदलाव किया जायेगा जो नई रेलगाड़ी संख्या 20434 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 04.01.2025 से और रेलगाड़ी संख्या 20433 सुबेदारगंज से दिनांक 04.01.2025 से प्रभावी होगा।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2742/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पृष्ठ एक के शेष....

**बुल्डोजर पर हर...**

उन्होंने कहा कि दंगाइयों के आगे नतमस्तक होने वाले लोग ये नहीं कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि अखिलेश यादव ये जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहाकि 2017 में पहले यह लोग जितनी तबाही मचाए हुए थे, किसी से छिपा नहीं है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा चयनित 1,334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 2017 से पहले जो लोग लूट खसोट करते थे अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। एक धारावाहिक आया था मुंगेरी लाल के सपने। इन्हें जब मौका मिला तो इन्होंने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

सीएम योगी ने कहा कि आज किसी भी जिले के रहने वाले युवा को बराबर अवसर मिला है। जो लोग बेईमानी करेंगे उनकी संपत्ति कुर्क करेंगे। इन लोगों ने प्रदेश को दंगों में झोंका, जाति-जाति को लड़ाया। उन्होंने कहा कि आयोग ने पारदर्शी प्रक्रिया से 13 विभाग के पदों पर चयन किया है। ना जाति या जनपद का भेद हुआ है। सभी को अवसर मिला है। साढ़े सात साल में नियुक्ति में पारदर्शिता आई है। ये पहले संभव नहीं था, हमने इसको सही किया है।

अखिलेश के बुल्डोजर वाले तंज पर सीएम योगी ने कहा कि बुल्डोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा जिसमें हो वही बुल्डोजर चला सकता है। दंगाईयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुल्डोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।


**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


**भाजपा के प्रदेश...**

चौधरी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया।

अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को अभ्यर्थियों ने यूपी सरकार के मंत्री आशीष पटेल और उनकी पत्नी व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। सोमवार को अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया था।

अभ्यर्थी सरकार से जल्द ही नई सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन अधिकारियों को भी हटाया जाए जिन्होंने पहले जारी की गई सूची बनाई थी।

**नोएडा एक्सप्रेस-वे...**

सोशल मीडिया पर आज सुबह एक वीडियो वारयल हुआ जिसमें एक युवक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर चलती कार में कार की डिक्की में बैठकर पीछे रेसिंग बाइक पर चल रहे दूसरे युवक की रील बना रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने कार चालक का 27,500 रूपये का चालान काट दिया है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने खतरनाक ड्राईविंग, यातायात नियमों का उल्लंघन, गलत नंबर प्लेट व अन्य धाराओं में कार चालक का 27 हजार 500 रूपये का चालान काटा है।

**एक्सप्रेस-वे पर न बनायें रील**

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रील या स्टंटबाजी न करें। ऐसा करने से उनकी तथा दूसरे वाहन चालकों की जान को खतरा हो सकता है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रील व स्टंटबाजी के चक्कर में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

**राहुल से मिले पहलवान...**

नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की है। दोनों पहलवानों और राहुल गांधी के मुलाकात की तस्वीर सामने आई है, जिसके बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में एंट्री ले सकती हैं।

पिछले काफी दिनों से अटकलें थीं कि विनेश फोगाट, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकती हैं. अब मुलाकात की तस्वीर सामने आने के बाद इस बात की संभावना बढ़ती दिख रही है। वहीं पहनवान बजरंग पुनिया के भी चुनाव लड़ने की चर्चा है।

**पत्रकार का मोबाइल...**

से 01 मोबाइल हिंदी खबर के पत्रकार का मिला है जो दीपक ने 01.09.2024 को रात्रि में सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास से स्नैच किया था।

# ईको विलेज-2 से ग्रेनो प्राधिकरण की टीम ने लिए पानी के सैंपल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक ईको विलेज-2 में दूषित पानी से कुछ निवासियों के बीमार पड़ने की घटना को प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने गंभीरता से लिया है। सीईओ ने जलापूर्ति विभाग की टीम को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। मौके पर पहुंची टीम ने ईको विलेज-2 से पानी के सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसके मिश्र और वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम अपनी टीम को लेकर मंगलवार सुबह ही मौके पर पहुंच गए और जलापूर्ति नेटवर्क का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर प्राधिकरण की तरफ से हो रही जलापूर्ति में किसी तरह की खामी नहीं मिली है, फिर भी टीम ने पानी का सैंपल ले लिया है। लैब से इसकी जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण की टीम ने इस दिक्कत पर निवासियों से भी बात की। निवासियों ने भी टीम को बताया कि हाल ही में सोसाइटी के अंदर बने टैंक की सफाई कराई गई है। उसके बाद ही गंदे पानी की सप्लाई हुई, जिसे पीने से लोग बीमार हुए हैं। जलापूर्ति विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की सभी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों को प्राधिकरण की तरफ से उनके रिजर्वायर तक ही सप्लाई की जाती है।

## खास खबर

### 6 को अपना अंतिम मैच खेलेंगे सुआरेज

**मोंटीवीडियो ।** उरुग्वे के स्टार फुटबॉलर लुई सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 37 साल के सुआरेज पिछले 17 साल से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेल रहे हैं। उन्होंने उरुग्वे की ओर से सबसे अधिक कुल 69 गोल किये हैं। सुआरेज ने कहा कि 6 सितंबर को वह अपना अंतिम मैच खेलेंगे। सुआरेज ने उरुग्वे की ओर से 142 मैच खेलते हुए अब तक 69 गोल दागे हैं। सुआरेज ने उरुग्वे की ओर से साल 2007 में ही अपना पहला मैच खेला था। इसके बाद से ही जल्द ही वह उरुग्वे के मुख्य खिलाड़ी बन गए। दक्षिण अफ्रीका में 2010 फीफा विश्वकप में उरुग्वे की ओर से इस खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया था पर वह विवादों में भी रहे थे। इस खिलाड़ी ने कहा कि मेरे लिए ये संन्यास लेने का सही समय क्या है। बढ़ती उम्र को देखते हुए मुझे पता चल गया है कि अब मेरे लिए अगला विश्वकप खेलना संभव नहीं है।

### गॉफ अमेरिकी ओपन से हुईं बाहर

**न्यूयॉर्क ।** महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ अमेरिकी ओपन में हार के साथ पन टेनिस से बाहर हो गयी हैं। अमेरिका की गॉफ को महिला एकल में एम्मा नवारो के हाथों 6-3, 4-6, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा है। वहीं एक अन्य मुकाबले में सर्बिया के नोवाक का सामना अब ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने एक अन्य मुकाबले में एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से पराजित किया। टेलर फ्रिट्ज भी इस मैच में हार के साथ ही बाहर हो गये। उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से पराजित किया। फ्रिट्ज का मुकाबला अब क्वार्टरफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की।

### बटलर हुए चोटिल, टी20 सीरीज खेलना संदिग्ध

**लंदन ।** इंग्लैंड की एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान जोस बटलर चोटिल हो गए हैं। इस चोट के कारण ही वह टी20 ब्लास्ट के मैचों से भी बाहर हो गये हैं। बटलर को पिंडली में चोट है। ऐसे में उनका अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज खेलना संभव नहीं है।इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की शुरूआत 11 सितंबर से होगी। बटलर की चोट की स्थिति को देखते हुए उनका इस सीरीज में खेलना मुश्किल दिख रहा है हालांकि, टीम प्रबंधन अभी से इस बात को लेकर चिंतित नहीं है। उसे उम्मीद है कि कप्तान टी20 सीरीज और पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे। इंग्लैंड की बदली हुई टीम रविवार को यूटिलिया बाउल में एकत्र होकर दो दिन के अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। इस दौरान मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेगा।

### विराट को अपना आदर्श मानते हैं प्रियांश

**नई दिल्ली ।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचने वाले दिल्ली के प्रियांश आर्य ने कहा है कि उनके पसंदीदा बल्लेबाज विराट कोहली हैं। प्रियांश ने हाल ही में दिल्ली प्रीमियर लीग में एक ओवर में ही छह छक्के लगा दिये थे। आर्य ने कहा कि वह विराट को अपना पसंदीदा खिलाड़ी मानते हैं। इस क्रिकेटर का कहना है कि वह भी विराट की तरह ही आईपीएल में आरसीबी की ओर से खेलना चाहते हैं। प्रियांश ने कहा, विराट मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं और मैं आरसीबी की ओर से खेलना चाहता हूं। मेरी पसंदीदा टीम आरसीबी है। मैं विराट का प्रशंसक हूं, मुझे उनकी जैसी आक्रामकता पसंद है। प्रियांश ने कहा कि वह आरसीबी में शामिल होकर उसे पहला आईपीएल खिताब दिलाने में अपनी ओर से भूमिका निभाना चाहता हूं।

# बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट में पाक को हराया

▶ 2-0 से किया ऐतिहासिक क्लीनस्वीप

एजेंसी

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश ने अपने शीर्ष छह खिलाड़ियों के महत्वपूर्ण योगदान की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जीत के लिए 185 रनों का पीछा कर रहे बांग्लादेश ने, जिसने रावलपिंडी में दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन 42/0 से खेलना शुरू किया, दूसरे सत्र में मुशफिकुर रहीम और शाकिब अल हसन की अनुभवी जोड़ी की बदौलत 6 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

2-0 की जीत बांग्लादेश की दूसरी विदेशी सीरीज जीत (एक सीरीज में कम से कम दो मैच) थी, इससे पहले उसने 2009 में वेस्टइंडीज (2-0) के खिलाफ जीत दर्ज की थी। यह पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की पहली सीरीज जीत भी थी। पांचवें दिन शादमान इस्लाम ने मोहम्मद अली की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर बांग्लादेश की पारी को आगे बढाया।



इस बीच, पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने भी अच्छी लाइन में गेंदबाजी की और सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया। मोहम्मद अली के ओवर में कुछ मौके ऐसे आए जब गेंद खेलने के बाद चूक गई और जाकिर हसन के बल्ले से गेंद का निचला किनारा भी लगा।

बांग्लादेशी सलामी बल्लेबाजों ने अपनी साझेदारी को पचास के पार पहुंचाया और दिसंबर 2022 के बाद से बांग्लादेश की पहली पचास से अधिक रन की ओपनिंग साझेदारी बनाई। जाकिर ने 40 रन बनाए लेकिन मीर हमजा ने उन्हें बोल्ड कर उनकी पारी का अंत कर दिया। पाकिस्तान की अनुशासित गेंदबाजी के कारण बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं था। लगातार तीन मेडन के बाद, शादमान ने हमजा की पैड पर फुल डिलीवरी को चौके के लिए भेजा। हमजा के अगले ओवर में उन्हें भाग्यशाली ब्रेक भी मिला, जब आगा सलमान ने दूसरी स्लिप में एक मुश्किल मौका गंवा दिया।

उसी ओवर में, शादमान ने एक शॉर्ट बॉल को कवर के पार भेजकर एक और चौका लगाया। लेकिन इसके बाद खुर्रम शहजाद की गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश में वे मिड ऑफ पर कैच थमा बैठे। शादमान ने 24 रन बनाए। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच अच्छी साझेदारी हुई। दोनों ने मिलकर 57 रन जोड़े और अपनी टीम का स्कोर 127 तक पहुंचाया। 127 के कुल स्कोर पर नजमुल ने सलमान की गेंद पर शॉर्ट लेग पर कैच थमा बैठे। नजमुल ने 38 रन बनाए। 153 के स्कोर पर मोमिनुल हक 34 रन बनाकर अबरार अहमद का शिकार बने। यहां से मुशिफकुर रहीम (नाबाद 22) और शाकिब अल हसन (नाबाद 21) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और बांग्लादेश को 6 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। बांग्लादेश की जीत का आधार लिटन दास और मेहदी हसन मिराज ने दूसरे और तीसरे दिन तैयार किया। पहले दिन का खेल पूरी तरह से धुल जाने के बाद, बांग्लादेश ने दूसरे दिन पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए उतारा और शान मसूद और सैम अयूब के अर्धशतकों की बदौलत उन्हें अच्छी शुरूआत मिली।

## द्रविड़ के बेटे समित नहीं खेल पायेंगे अंडर-19 विश्वकप

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को अंडर-19 क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। अब उनके पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का अवसर है। समित को इस साल की शुरूआत में कर्नाटक की ओर से कूच बिहार ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में जगह मिली थी। इसके बाद भी उनके अंडर 19 विश्व कप 2026 में खेलने की संभावना नहीं है। इसका कारण है कि समित इसी महीने बाद 19वां जन्मदिन मनाएंगे। ऐसे में जब बीसीसीआई के चयनकर्ता 2026 में विश्वकप के लिए अंडर-19 टीम का चयन करेंगे तब तक उनकी उम्र लगभग 21 वर्ष हो जाएगी। इसी वजह से वह अंडर 19 वर्ल्ड कप में नहीं खेल सकेंगे। समित हालांक इंडिया अंडर 19 टीम के लिए 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे। इसका आयोजन 21, 23 और 26 सितंबर को होगा। यह सीरीज पुडुचेरी में खेली जाएगी। समित अभी महाराजा टी20 ट्रॉफी में खेल रहे हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक में हो रहा है। समित अभी मैसूर वॉरियर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने इसमें जमकर रन बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 114 का रहा है. हालांकि इस दौरान उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। समित मध्यम गति से तेज गेंदबाजी भी करते हैं।



## नित्या श्री ने महिला एकल एसएच6 श्रेणी में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**पेरिस।** भारत की निथ्या श्री सिवन ने सोमवार देर रात इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराकर महिलाओं की एसएच6 श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

पिछले पदक समारोह के बाद तकनीकी समस्याओं के कारण लगभग एक घंटे तक प्रतीक्षा करने के बाद 19 वर्षीय भारतीय ने इंडोनेशियाई पैरा शटलर को मात्र 23 मिनट में हरा दिया।

इस पदक के साथ, भारत ने टोक्यो में बैडमिंटन में मिले अपने चार पदकों की संख्या को पार कर लिया।

मैच के बाद तमिलनाडु की उत्साहित पैरा शटलर ने कहा, मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में असमर्थ हूँ। यह मेरा सबसे अच्छा क्षण होगा। मैंने उसके (रीना) खिलाफ 9-10 बार खेला है, लेकिन उसे कभी नहीं हराया है। मैं अपने पिछले अनुभव के कारण जब मैं आगे थी, तब भी खुद से कह रही थी कि ध्यान केंद्रित रखूं और इसे आसान न लूँ। मैंने खुद को मानसिक रूप से तैयार किया कि जल्दी जश्न न मनाऊँ। निथ्या ने चीन के हांग्जो में आयोजित 2022 एशियाई पैरा खेलों में दो कांस्य पदक जीते। मई 2022 में, एशियाई युवा पैरा खेलों के विजेता ने मनामा में पहली बहरीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। दिसंबर 2022 में, उन्होंने लीमा में पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में विश्व रजत पदक विजेता को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। एसएच6 श्रेणी वर्ग में छोटे कद के एथलीट शामिल होते हैं जो खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।



## भाला फेंक में सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

**पेरिस ।** भारत के सुमित अंतिल ने पैरालम्पिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। सुमित ने एफ64 वर्ग में रिकॉर्ड 70.59 मीटर भाला फेंका। इसी के साथ ही सुमित ने अपना 68.55 मीटर का पैरालंपिक रिकॉर्ड बेहतर बनाया है। सुमित ने इससे पहले टोक्यो में स्वर्ण जीता था। इस प्रकार वह लगातार दो स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। फाइनल में सुमित ने अपना पहला थ्रो 69.11 मीटर जबकि दूसरा थ्रो 70.59 मीटर व तीसरा थ्रो- 66.66 मीटर फैंका जबकि उनका चौथा थ्रो- फाउल रहा। वहीं पांचवां थ्रो- 69.04 मीटर वह छठवां थ्रो 66.57 मीटर का रहा। इससे पहले निशानेबाज अवनि लेखरा और बैडमिंटन खिलाड़ी नीतेश कुमार ने यहां स्वर्ण पदक जीते हैं। इस प्रकार अब तक भारत ने कुल तीन स्वर्ण जीत लिए हैं। भारत अब पदक तालिका में 14वें नंबर पर पहुंच गया है। इनमें तीन स्वर्ण , 5 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।



## सीके नायडू ट्रॉफी में बदलावों से होगा लाभ : भरत अरूण

एजेंसी

**मुम्बई।** पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने कहा है कि किसी भी बदलाव को आसानी से स्वीकार नहीं किया जाता है और उसके साथ ही कई चुनौतियां भी आती हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस हटाने का फैसला भी लाभप्रद हो सकता है। इसका कारण है कि घरेलू टीम जो विकेट तैयार करती है, वह सही होगा क्योंकि वे नहीं चाहेंगे कि विरोधी टीम को कोई लाभ मिले। इसलिए मुझे लगता है कि निष्पक्ष विकेट होंगे। नये नियम के तहत अब अब पहले बल्लेबाजी या गेंदबाजी का फैसला मेहमान टीम के हाथ में रहेगा।

अरुण ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। हमने पहले ऐसा नहीं किया है। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि यह बदलाव कितना बेहतर रहता है। हर बदलाव अपनी चुनौतियों के साथ आता है। बदलाव के कुछ अच्छे जबकि कुछ नुकसानदेह पक्ष रहते हैं। हमें वास्तव में इंतजार करना होगा और देखना होगा कि यह कैसे सामने आता है।



### सहवाग नहीं बनना चाहते हैं कोच

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि वह अभी भारतीय टीम के कोच नहीं बनना चाहते हैं। सहवाग ने साथ ही कहा कि अगर अवसर मिलेगा तो वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की किसी टीम का कोच बनने पर विचार करेंगे। अभी वह भारतीय टीम का कोच नहीं बनना चाहते हैं।

सहवाग के अनुसार कोच बनने पर लंबे समय तक घर से बाहर रहना पड़ता है जबकि अभी उनके बच्चे छोटे हैं। इसलिए वह इतना समय नहीं दे सकते। सहवाग के अनुसार अभी बच्चों को मेरी जरूरत है। वो दोनों ही क्रिकेट खेलते हैं. एक ऑफ स्पिनर है और एक ओपनिंग बल्लेबाज है। उनको क्रिकेट सिखाना है और आगे खिलाना है अभी मेरा यही लक्ष्य है।

## आईसीसी 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में 11 से 15 जून 2025 तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। यह अल्टीमेट टेस्ट आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में दो साल की कड़ी प्रतिस्पर्धा का समापन है, जिसके तहत 27 सीरीज में 69 टेस्ट मैच खेले गए, हालांकि इन 69 मैचों में से अभी कुछ खेले जाने बाकी हैं। भारत वर्तमान में योग्यता निर्धारित करने वाले प्रतिशत अंकों के अनुसार टेस्ट स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका एक साथ मध्य-तालिका में हैं। लॉर्ड्स में होने वाला टेस्ट आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण के विजेता का फैसला करेगा। न्यूजीलैंड ने 2021 में उद्घाटन चैंपियनशिप जीती, और ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में टेस्ट मेस उठाया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहाः आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक बन गया है और हमें 2025 संस्करण की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह टेस्ट क्रिकेट की स्थायी अपील का प्रमाण है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों को आकर्षित करता है। टिकटों की बहुत मांग होगी, इसलिए मैं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करूँगा कि वे अभी से अपनी रुचि दर्ज कराएँ ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अगले साल अल्टीमेट टेस्ट देखने का मौका मिले। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 जीतने वाले कप्तान, पैट कमिंस ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना इस टीम के लिए एक बड़ा लक्ष्य था और अभी भी है। यह सभी टीमों के लिए दो साल के चक्र में कड़ी मेहनत और निरंतरता का परिणाम है। तो उम्मीद है कि हम फिर से वहाँ पहुँचेंगे, अभी और तब के बीच बहुत सारा क्रिकेट खेला जाना बाकी है, और प्रशंसकों को हमें खिताब बचाते हुए देखने का मौका मिल सकता है। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव गाय लैवेंडर ने कहा, हम पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करने के लिए आईसीसी के साथ काम करके खुश हैं। लॉर्ड्स में टेस्ट मैच के दिन खास होते हैं और उस समय दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीमों का स्वागत करना, क्रिकेट के घर में मुकाबला करना, एक ऐसा अनुभव होगा जिसे मिस नहीं किया जा सकता।



## संन्यास पर कर रही विचार : साइना नेहवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने कहा है कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं और आने वाले समय में संन्यास ले सकती हैं। साइना ने कहा है कि वह गठिया से पीड़ित है। इस साल के अंत तक उन्हें बैडमिंटन में अपने भविष्य के बारे में फिर से फैसला करना होगा। इस इस बीमारी के कारण उनके लिए कई घंटों तक अभ्यास करना संभव नहीं है। साइना अपने करियर में फिटनेस से भी परेशान रही हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की इस स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। नेहवाल ने कहा, घुटना बहुत अच्छा नहीं है। मुझे गठिया है। मेरी कार्टिलेज बहुत खराब स्थिति में है। अब 8 से 9 घंटे तक जोर लगाना बहुत कठिन है। साथ ही कहा कि ऐसी स्थिति में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को किस प्रकार से टक्कर दी जा सकती है। कुछ समय के अभ्यास से विश्वस्तर के खिलाड़ियों से मुकाबला संभव नहीं है। साइना ने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रही हैं कि संन्यास का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें निर्णय लेना ही होगा। उन्होंने कहा, मैं संन्यास के बारे में भी सोच रही हूं। यह दुखद होगा क्योंकि यह एक सामान्य व्यक्ति द्वारा की जाने वाली नौकरी की तरह है। जाहिर है, एक खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने 9 साल की उम्र में शुरूआत की थी। अगले साल मैं 35 साल की हो जाऊंगी। नेहवाल ने कहा, मेरा करियर भी लंबा रहा है और मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैंने अपने शरीर को काफी हद तक तोड़ दिया है। मैंने जो किया है और जो कुछ भी दिया है, उससे मैं खुश हूं।



## अगले टूर्नामेंटों में पदक का रंग बदलने उतरेंगे योगेश

एजेंसी

**पेरिस ।** पेरिस पैरालंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाले डिस्कस थ्रो खिलाड़ी योगेश कथुनिया ने कहा है कि उन्हें अभी और बेहतर प्रदर्शन की जरुरत है।

योगेश का मानना है कि अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है क्योंकि वह कई प्रमुख टूनार्मेंटों में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। योगेश ने पेरिस में पुरुषों की एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर का अपना सबसे बेहतर प्रदर्शन किया था। इस खिलाड़ी का कहना है कि वह आने वाले बड़े टूनार्मेंट में स्वर्ण जीतने उतरेंगे। कथुनिया ने कहा, ह्य अब मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। उन्होंने कहा, ह्यपिछले कुछ समय से मैं रजत पदक से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं। टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भी यही हुआ था। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप या एशियाई खेल हर जगह मुझे रजत ही मिला है। मुझे लगता है कि मुझे अभी और अधिक प्रयास करने होंगे। टोक्यो पैरालंपिक के साथ ही कथुनिया ने लगातार पांचवीं बार रजत पदक जीता है। उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे।




## चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हुए सूर्यकुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को 2024-25 दलीप ट्रॉफी के शुरूआती दौर से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि पिछले हफ़्ते कोयंबटूर में बुची बाबू आमंत्रण टूनार्मेंट में मुंबई के लिए प्री-सीजन मैच के दौरान उन्हें हाथ में चोट लग गई थी। सूर्यकुमार को आराम करने की सलाह दी गई है और वह नियमित जांच के लिए फिलहाल बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, सूर्यकुमार ने पिछले हफ़्ते टीएनसीए इलेवन के खिलाफ मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं की थी, क्योंकि तीसरे दिन फील्डिंग करते समय उनके हाथ में चोट लग गई थी। उस समय, मुंबई टीम प्रबंधन ने पुष्टि की थी कि यह कदम सीजन की शुरूआती दलीप ट्रॉफी में उनकी भागीदारी को ध्यान में रखते हुए एहतियाती तौर पर उठाया गया था। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने हाल ही में टेस्ट में वापसी के लिए उत्सुकता व्यक्त की है। एक साल से अधिक समय से कोई प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के बाद, सूर्यकुमार ने रेड-बॉल क्रिकेट के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्री-सीजन बुची बाबू टूनार्मेंट के लिए खुद को उपलब्ध कराया, जिसमें भारत को अगले पांच महीनों में 10 टेस्ट खेलने हैं, जिसकी शुरूआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से होगी। सूर्यकुमार, जिन्होंने अब तक एकमात्र टेस्ट पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, को इंडिया सी टीम में शामिल किया गया है, जिसका नेतृत्व रुतुराज गायकवाड़ करेंगे, जो अनंतपुर में श्रेयस अय्यर की इंडिया डी से भिड़ेंगे। इंडिया ए और इंडिया बी एक साथ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में दूसरे शुरूआती दौर का मैच खेलेंगे।

हाल ही में, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक भी बीमारी के कारण दलीप ट्रॉफी के शुरूआती दौर से बाहर हो गए थे, और रवींद्र जडेजा को वापस बुला लिया गया था, हालांकि बीसीसीआई ने उनके लिए कोई कारण नहीं बताया। नवदीप सैनी और गौरव यादव क्रमशः भारत बी और सी टीमों के लिए सिराज और मलिक की जगह लेंगे।

इस बीच, नितीश कुमार रेड्डी को एनसीए ने फिट घोषित कर दिया है। उन्हें कमर की चोट के कारण फिटनेस की शर्त पर शामिल किया गया था, जिसके कारण उन्हें जुलाई में जिम्बाव्वे के लिए भारत की टी20आई टीम से बाहर होना पड़ा था।





न्यूयार्क में अमेरिकी ओपन टेनिस में इटली के जैनिक सिनर खेलते हुए।

## खास खबर

### ब्राउन शुगर के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में इन दिनों अंतर जिला ड्रग्स कारोबारी सक्रिय है |जो भारत के सीमा क्षेत्र के साथ नेपाल में भी ड्रग्स के काले धंधे को अंजाम देता है इसका खुलासा एसएसबी 56वीं वाहिनी के जवानों के द्वारा सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ कटिहार जिले के दो ड्रग्स कारोबारी की गिरफ्तारी से हुई। एसएसबी 56वीं वाहिनी के सेना नायक सुरेन्द्र विक्रम ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि बथनाहा स्थित शीतला माता मंदिर के समीप एक कबाड़ी के दुकान से सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी को हिरासत मे लिया गया है। यह कार्रवाई एसएसबी ने गुप्त सूचना के आधार पर किया। हिरासत मे लिए गए आरोपी की पहचान कटिहार के मिरचाई बाड़ी वार्ड संख्या छह के 48 वर्षीय बबलू पांडेय पिता - जगदीश पांडेय और दूसरा कटिहार के दुगार्पुर वार्ड संख्या 33 के 59 वर्षीय दशरथ पोद्दार पिता-उमेश पोद्दार के रूप मैने गई। एसएसबी ने इसके पास से ब्राउन शुगर के साथ दो मोबाइल को भी जब्त किया। एसएसबी ने यह कारवाई टीम लीडर संजीत कुमार पॉल के नेतृत्व में 6 अन्य जवानों के साथ मिल कर किया। सेनानायक सुरेन्द्र विक्रम ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ व आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए बथनाहा थाना पुलिस को सौंपा गया है । जहां बथनाहा पुलिस आरोपी को न्यायायिक हिरासत में भेजने की कारवाई कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से 01 की मौत

**बिहारशरीफ ।** हिलसा थानाक्षेत्र ढींगरा पर रेल फाटक के समीप मंगलवार की सुबह रेल की चपेट में आकर 49 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी मृतक की पहचान ढींगरा पर गांव निवासी ब्रजेश कुमार के रूप में की गयी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त यवक सुबह में टहलने के लिए निकला था जहां गांव के समीप ही ट्ररक पार करने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही रेल ने बुरी तरह कुचल दिया जिससे उसकी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की जानकारी जब परिजनो को दी गयी तो परिजन मुआवजे की मांग को लेकर इस्लामपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया ।

### नदी में डुबने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ ।** हिलसा अनुमंडल थानाक्षेत्र के युवक गांव में मंगलवार की सुबह नदी में डूब जाने से एक युवक की मौत हो गयी मृतक की पहचान युवक गांव निवासी शंकर प्रसाद कें 19 वर्षीय पुत्र रवीश कुमार के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त युवक दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था जहां नहाने के दौरान नदी की तेज धारा में बह और डुबने से उसकी मौत हो गयी ।घटनाक्रम की जानकारी थानाध्यक्ष सहित अनुमंडलीय प्रशासन को दी गयी ।अनुमंडलीय प्रशासन ने गोताखोर टीम को नदी के पास भेजा पर पांच घंटा बीत जाने के बाद भी गोताखोर टीम युवक का शव बरामद नही कर सका है। किशोर की अचानक मौत से परिजन में कोहराम मच गया है।

### सरार्फा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज लगातार 5वें दिन गिरावट का रुख बना नजर आ रहा है। आज की गिरावट की वजह से 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर से और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये के स्तर से नीचे फिसल गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 72,910 रुपये से लेकर 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज लुढ़क कर 66,840 रुपये से लेकर 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी आई है। भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज 85,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# शेयर बाजार में दिखी सुस्ती | निवेशकों ने कमाए 67 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** लगातार 13 दिन की तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज कंसोलिडेशन नजर आया। हालांकि, निफ्टी आज भी लगातार 14वें दिन बढ़त के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। इसके साथ ही निफ्टी ने आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.005 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज दिन भर के कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मास्यूटिकल, फाइनेंशियल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर मेटल, एनर्जी, यूटिलिटी, पावर, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों पर दबाव बना रहा। सेंसेक्स और निफ्टी पर दबाव होने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 465.52 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 464.85 लाख करोड़ रुपये था।




इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 67 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,054 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,006 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,930 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 118 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,432 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,224 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,208 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 92.85 अंक की मजबूती के साथ 82,652.69 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से पहले 2 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 11:15 बजे सेंसेक्स 159.08 अंक टूट कर 82,400.76 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 275 अंक की रिकवरी करके 115.22 अंक की मजबूती के साथ 82,675.06 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद एक बार फिर मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर दोबारा लाल निशान में पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 4.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 82,555.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 34.70 अंक की बढ़त के साथ 25,313.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक भी 42.90 अंक की गिरावट के साथ 25,235.80 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक ने निचले स्तर से 85 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 43 अंक की बढ़त के साथ 25,321.70 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 1.15 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 25,279.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.11 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.80 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.44 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.44 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, ओएनजीसी 1.23 प्रतिशत, इंफोसिस 1.18 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.16 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## झारखंड में किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गयी लागू

HDFC ERGO

**जमशेदपुर।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को झारखंड सरकार ने खरीफ, 2024 सीजन के लिए पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, साहेबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इस योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान के लिए बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं।

## कलाकारों ने शिक्षक दिवस पर भावुकता से किया याद

एजेंसी

**मुंबई ।** शिक्षक दिवस शिक्षकों की प्रतिबद्धता और प्रयासों का सम्मान करने और हर किसी के जीवन में भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने का एक विशेष अवसर है। यह युवा दिमागों को विकसित करने और उन्हें एक उज्जवल कल की ओर ले जाने में शिक्षकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस साल सोनी सब के कलाकार यह बता रहे हैं कि उनके शिक्षकों ने उनके जीवन और कॅरियर को किस तरह से प्रभावित किया है। पुष्पा इम्पॉसिबल की करुणा पांडे और गरिमा परिहार और वंशज की मोना वासु और वंशज की शालीन मल्होत्रा और वंशज में अंजलि तत्रारी ने कहा, ह्लशिक्षक दिवस पर मैं दो लोगों की आभारी



हूँ जिन्होंने मुझे आज जो कुछ भी बनाया है उसे आकार दिया है। सबसे पहले मेरी माँ - मैंने जो कुछ भी सीखा है, वह उनकी वजह से है। वह मेरी सबसे अच्छी शिक्षिका रही हैं, जिन्होंने मुझे जीवन की चुनौतियों से निपटने और मजबूत बनने में मदद की है। मैं वास्तव में उन्हें अपने साथ पाकर धन्य हूँ मेरी माँ और वरुण सर को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ, ।

## स्थानीय संस्थापक पार्सेबल के साथ लॉग डाटा एनालिटिक्स में ला रहे हैं बदलाव

**रांची ।** व्यवसायों की डिजिटल टेक्नोलॉजी पर बढ़ती निर्भरता के साथ, लॉग डाटा की मात्रा और जटिलता भी लगातार बढ़ती जा रही है। पारंपरिक लॉग मैनेजमेंट समाधान अक्सर गति बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिससे अक्षमता और लागत बढ़ रही है। इन चुनौतियों को देखते हुए, लॉग-एनालिटिक्स आधारित स्टार्टअप, पर्सिएबल, स्टोरेज और विश्लेषण-आधारित चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण के साथ सामने आया है। स्टार्टअप का क्लाउड आधारित संरचना बेजोड़ व्यापकता, विश्वसनीयता और फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है, जो इसे प्रदर्शन से समझौता किए बिना सबसे ज्यादा मांग वाले वर्कलोड को संभालने में सक्षम बनाता है। अपाचे परक्वेट और अपाचे एरो जैसे ओपन स्टैंडर्ड का लाभ उठाकर, पार्सिएबल डाटा की सीमाओं को तोड़ता है और अन्य उपकरणों के साथ सहज एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है। पर्सिएबल के संस्थापक नीतीश तिवारी का जन्म और पालन-पोषण रांची के निकट पलामू के मेदिनीनगर में हुआ। उनके पिता का नाम ज्वाला प्रसाद तिवारी और मां का नाम गीता देवी है। उनके पास मिनलो , डाटास्टैक्स जैसी जानीमानी कंपनियों में अपनी पूर्व की भूमिकाओं के साथ एक अच्छाखासा अनुभव है। उन्होंने Parseable बनाने का निर्णय तब लिया जब उन्होंने देखा कि कई कंपनियाँ लॉग एनालिटिक्स की उच्च लागत और जटिलता से परेशान हैं, और साथ ही अपने डेटा से महत्वपूर्ण जानकारी निकालने के लिए अधिक सरल और कारगर तरीकों की जरूरत महसूस कर रही हैं।

## टाटा मोटर्स का मिड-एसयूवी कर्व को 9.99 लाख रुपये में लॉन्च

**रांची ।** टाटा मोटर्स ने अपनी नई एसयूवी कूपे, टाटा कर्व, को 9.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत में लॉन्च किया है। यह टाटा मोटर्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और कंपनी ने इसके साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में नई शुरूआत की है। टाटा कर्व तीन इंजन विकल्पों के साथ आती है, जिसमें एडवांस डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन शामिल है। यह नए हाइपीरियन गैसोलीन इंजेक्शन इंजन, 1.2एल रेवोट्रॉन पेट्रोल इंजन, और 1.5एल क्रायोजेट डीजल इंजन के साथ उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार विकल्प मिलते हैं। खास बात यह है कि कंपनी ने डीजल इंजन में सेगमेंट का पहला डुअल क्लच ट्रांसमिशन पेश किया है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश चंद्रा ने कहा कि टाटा कर्व की लॉन्चिंग ऑटोमोबाइल की दुनिया में एक बड़ा कदम है। यह भारत में नई एसयूवी कूपे बॉडी स्टाइल लेकर आई है, जो पहले से ही दुनिया भर में मशहूर है और अब तक केवल प्रीमियम सेगमेंट में ही उपलब्ध थी। टाटा कर्व हमारे मिड-एसयूवी सेगमेंट में सबसे खास गाड़ी है और यह डिजाइन और तकनीक में हमारे नए-नए इनोवेशन की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.09 डॉलर यानी 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 77.43 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.54 डॉलर यानी 0.73 फीसदी फिसलकर 74.09 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## जेबीएल ने पेश किया नया कैम्पेन इंजीनियर्ड फॉर इमोशन

**रांची ।** भारत, सितंबर, 2024: प्रतिष्ठित ऑडियो ब्रांड, जेबीएल ने अपने फेस्टिव कैम्पेन 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' के लॉन्च की घोषणा की है। यह कैम्पेन ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने के लिए जेबीएल की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो न सिर्फ शानदार साउंड प्रदान करते हैं, बल्कि भावनाओं को भी जाग्रत करते हैं। ऐसी भावनाएँ, जो आत्म-अभिव्यक्ति और प्रामाणिकता को बढ़ाती हैं, और सुनने वाले व्यक्ति को रोमांच से भर देती हैं। यह कैम्पेन सितंबर से लेकर नवंबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य ऑडियो के प्रति




विशेष रुझान रखने वाले यूजर्स को ऑडियो के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। जेबीएल का 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' कैम्पेन इस बात का जश्न मनाता है कि पुरानी यादों को ताजा करते हुए, ऑडियो हमारी भावनाओं को किस प्रकार प्रभावित करता है, और कैसे फेस्टिव सीजन में खुशी और एकजुटता का संचार करता है।

**सुपीरियर साउंड वाले प्रोडक्ट्स**

जेबीएल का फेस्टिव कैम्पेन आपके ऑडियो अनुभव को बेहतर बनाने का वादा करता है। टीडब्ल्यूएस / हेडफोन सेगमेंट में, ट्यून बीम व बड्स और ट्यून 770 एनसी सुपीरियर साउंड और कम्फर्ट प्रदान करते हैं। प्रीमियम नॉइस-कैंसलिंग के लिए, लाइव प्रो 2, लाइव बीम 3 और टूर वन एम2 बेहतरीन स्पष्टता प्रदान करते हैं। बार सीरीज साउंडबार्स आपके लिविंग रूम में डॉल्बी एटमॉस और मल्टीबीम टेक्नोलॉजी के साथ सिनेमेटिक सराउंड साउंड की पेशकश करते हैं।

## एमपीएस में मनाया गया विश्व संस्कृत सप्ताह दिवस

एजेंसी

**अररिया ।** जिले के भद्रेश्वर स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व संस्कृत सप्ताह दिवस मनाया गया।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत के प्रकांड विद्वान पडित हरिशंकर झा और डॉ. नागेश झा उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या पुतुल मिश्रा ने भारतीय मिथिला संस्कृति के अनुरूप शाल, पाग एवं पौधा देकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया।आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्या पुतुल मिश्रा ने संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला और संस्कृत तथा संस्कृति के संबंध पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा छह से कक्षा



बारह तक के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, गायन, इत्यादि प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को संस्कृत के इतिहास और उसके दैनिक जीवन में महत्व को समझाया। विद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रमुख प्रमोद ठाकुर ने भी संस्कृत विषय के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप-प्राचार्य अमित कुमार झा ने सभी छात्र-छात्राओं और मुख्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 9वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ बीच सड़क पर एक युवक के द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल जा रही छात्रा को बीच सड़क पर रोककर मोहम्मद शेरू ने अचानक से छेड़खानी और मारपीट करने लगा। वहीं छात्रा ने बताया कि मैं सुबह अपने स्कूल जा रही थी। तभी अचानक से बीच सड़क पर मोहम्मद शेरू ने आकर मुझे रोक लिया और वह मुझसे मेरा मोबाइल नंबर मांगने लगा। मैंने उसे मोबाइल नंबर देने से मना कर दिया, तभी वह अचानक से मेरा हाथ पकड़ कर जबरदस्ती करने लगा और हमारे साथ मारपीट करने लगा।

## दूषित पानी के सेवन से दर्जन लोग डायरिया की चपेट में



एजेंसी

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के कतरी पंचायत अंतर्गत कतरीडीह गांव में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी से आपूर्ति किए जा रहे दूषित पानी के सेवन से डायरिया का प्रकोप फैल गया है, जिसमें दर्जनों लोग प्रभावित हो गए हैं। ग्रामीण अमरेश कुमार, रामवृक्ष माझी, चितु सिंह, ज्ञानदेव सिंह, रविन्द्र सिंह आदि ने बताया कि सप्लाई होने वाले पानी में छोटे-छोटे कीड़े गिरते हैं और लोग उसी पानी को पीने के लिए मजबूर हैं जिसके कारण डायरिया की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में बीडीओ प्रेम कुमार ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि कतरीडीह गांव में डायरिया के कई मरीज हैं, जिनमें से कुछ को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कतरीसराय में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य लोग निजी क्लिनिक में इलाज करवा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी, पिंकी वर्णवाल ने बताया कि आज कतरीडीह गांव के चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण घरों के आस-पास नाली का पानी जमा हो गया है, जिससे गंदगी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के दिनों में पीने के पानी को उबालकर ही उपयोग करने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लगातार मरीजों का इलाज किया जा रहा है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। स्थानीय लोगों से जलजनित बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतने और किसी भी समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की अपील की गई है।

## डीएम की अभिभावकों से अपील, बच्चों को बढ़चढ़ कर खेल में हिस्सा लेने दें

एजेंसी

**बेतिया।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बेतिया महाराजा स्टेडियम में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य आगाज हुआ। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर, झंडोत्तोलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कुल 15 खेलों को इस आयोजन में शामिल किया गया है। मैं हृदय से सबको बधाई देता हूँ। इस खेल आयोजन में 432 टीम भाग ले रही है। यह बड़ी घटना क्रम है।




जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी काफी महत्व रखता है। यही वजह है कि बिहार में कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना राजगीर में हुई है। खेल के महत्व का ही यह परिणाम है कि पहले कुल 44 विभाग थे जो खेल विभाग की स्थापना के साथ 45 हो गये हैं। युवा खिलाड़ियों के साथ जिले के विभिन्न इलाकों से आए अभिभावकों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बच्चों को बढ़-चढ़ कर खेल में हिस्सा लेने दें। अब वो जमाना नहीं रहा जब खेलने से करियर प्रभावित होता था अब तो सीधे-सीधे सरकार की नीति है कि मेडल लाओ और नौकरी पाओ। तीनों अनुमंडलों से आए बच्चे-बच्चियां उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। दिनेश कुमार राय ने जोर देकर कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, टीम वार्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित होती है। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जो बच्चे इस आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें राज स्तर पर प्रदर्शन का मौका मिलेगा और जो वहाँ अच्छा करेंगे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर देश के नेतृत्व का मौका मिलेगा। जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा मशाल दौड़, संत आग्नेश बालिका विद्यालय चुहड़ी, चनपटिया द्वारा स्वागत गान के साथ ही साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, आलोक भारती शिक्षण संस्थान द्वारा कलर बैंड पार्टी तथा राज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा एनसीसी कैडेट के माध्यम से मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। साथ ही साथ खेल भावना से खेलने का शपथ ग्रहण भी सम्पन्न हुआ। सभी खेल विधा की प्रतियोगिता पछाड़ पद्धति के आधार पर आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर विजेता, उप विजेता, प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र से जिला प्रशासन द्वारा नवाजा जाएगा।

### दुर्गा वाहिनी ने मनाया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

**नवादा।** मातृशक्ति दुगार्वाहिनी कि ओर से विश्व हिन्दू परिषद का 60 वा स्थापना दिवस पूर्व जिला संयोजिका मातृशक्ति पूनम कुमारी की अध्यक्षता में मनाया गया कदीप जलाकर शुरूआत किया गया । संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया ।1964 ईस्वी में विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना की गई इस दिन संस्कार साला का स्थापना जन्माष्टमी के दिन गठन किया गया` इसमें पूनम कुमारी मातृशक्ति पूर्व संयोजिका, मनीष सिन्हा, कैलाश विष्वकर्मा, संजय बाबा त्यागी , रंजीत , संजय आदि ने अपने विचार दिए । साहेबकोठी मंदिर के रितिका जैन प्रियंका बरनवाल उपाध्यक्ष सीमा कुमारी रूबी नीलम जी गौरी रानी,रागिनी, शिवानी, संजू, पूनम, तारा प्रमोद रमणी ,ज्योति कुमारी ,स्मिता ,पिंकी मिश्रा खुशबू मुन्नी , रेशमा , पुष्पा आदि शामिल थे।






# बूझो करियर की अनजान राहों को



करियर को लेकर छात्रों के बीच काफी असमंजस की स्थिति रहती है। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह है–करियर की सही राह को चुनने की चुनौती। इस समय करियर के लिए पारंपरिक विषयों के अलावा सैकड़ों की तादाद में विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन जानकारी के अभाव या अपनी रुचि को न पहचान पाने के कारण बड़ी संख्या में छात्र मनमाफिक करियर नहीं चुन पाते हैं। छात्र ही नहीं, अभिभावक भी बच्चों के लिए सही करियर तलाशने की प्रक्रिया में काफी तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनकी दिनचर्या में यह तनाव बच्चे का दाखिला हो जाने तक कायम रहता है। यह एक सामान्य–सी स्थिति है और करीब 90 फीसदी छात्र और अभिभावकों को इस दौर से गुजरना पड़ता है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर दिन कुछ अलग करियर और पेशेवर संभावनाएं जन्म ले रही हैं। ऐसे में यह समझने वाली बात है कि किसी करियर विकल्प की चमक ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रहती। इसलिए यदि आप करियर के लिए उन पाठ्यक्रमों और विषयों को चुनते हैं, जिनमें आप अच्छे हैं, तो आप हमेशा ही अपने कार्यक्षेत्र में सफल होंगे।

## कैसे चुनें करियर

प्रत्येक करियर के लिए एक खास रुझान, रुचि और कुछ व्यक्तिगत गुणों की जरूरत होती है। वैज्ञानिक ढंग से इन जरूरतों की अपनी अभिरुचियों और हुनर से तुलना करके ही इस बात के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि हम सही करियर चुनने की दिशा में बढ़ रहे हैं या नहीं। विषयों में आपकी मजबूती, क्षमता, रुचि और आकांक्षा आपको करियर के असीमित विकल्पों में से अपने लिए श्रेष्ठ को चुनने में मदद करती है। भावी जीवन में आपकी सफलता के लिए करियर प्लानिंग की यह प्रक्रिया काफी आवश्यक है।

## साइकोमीट्रिक असेसमेंट

करियर के चयन में यह बेहद मददगार विधि है, जिसे जब करियर के चुनाव के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है, तो काफी हद तक ठोस और सटीक परिणाम मिलते हैं। इस विधि से परखे जा रहे छात्र का गहराई से मूल्यांकन हो पाता है। इससे संबंधित छात्र की रुचियों, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व के बारे में अनुमान लगाना संभव होता है। साइकोमीट्रिक असेसमेंट से छात्र की काबिलियत और क्षमताओं की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाती है, जो उपयुक्त करियर के चयन में अहम होती है। छात्रों के नजरिए से इस विधि को देखें, तो यह उनके सामने उनकी इच्छाओं और हुनर की बानगी पेश करती है। इस असेसमेंट से अभिभावक अपने बच्चों के और छात्र स्वयं के हुनर की तुलना अपनी मनपसंद नौकरी/ पेशे के लिए जरूरी गुणों से कर सकते हैं। चूंकि नौकरी पाने के लिए एक पाठ्यक्रम विशेष की पढ़ाई करनी होती है और इसके लिए भी कुछ खास हुनर का होना जरूरी होता है।





# कॉमर्स से पा सकते हैं बेहतर करियर और रोजगार

**लोकप्रियता के मामले में यह छात्रों और अभिभावकों के बीच साइंस स्ट्रीम के बाद दूसरे स्थान पर है। अंडर ग्रेजुएट स्तर पर कॉमर्स एक प्रमुख विषय है। इसका संबंध मूल रूप से व्यापार की समझ, बाजार के उतार-चढ़ाव, अर्थव्यवस्था की जानकारी, मौद्रिक और औद्योगिक नीतियों आदि से है। विषय के स्तर पर कॉमर्स अकाउंटेंसी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स सहित कई अन्य विषयों का मिलाजुला विस्तृत क्षेत्र है। इसलिए इसमें पढ़ाईऔर रोजगार के लिए पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं। हर विषय की तरह कॉमर्स और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए भी कुछ अभिरुचियों का होना जरूरी होता है। यहां कुछ प्रश्न दिए गए हैं, जिनका उत्तर देकर आप यह जान सकते हैं कि आपकी अभिरुचि कॉमर्स के लिए उपयुक्त है या नहीं।**

## इन प्रश्नों से जांचें अभिरुचि

- क्या आपके पास गणना की अच्छी क्षमता है?
- क्या आपमें विश्लेषणात्मक कौशल है?
- क्या आपके पास व्यापार का व्यावहारिक बोध है?
- क्या आप त्रुटिरहित और सटीक काम को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं?
- क्या आप कार्यालय के माहौल का आनंद उठाते हैं?
- क्या आपमें गणनाएं करने के साथ आंकड़ों को समझाने का हुनर है?
- क्या आप बजट, व्यापार की खबरों और आर्थिक समीक्षाओं को पढ़ते हैं?
- क्या आप में प्रशासकीय और संगठन के रूप में काम करने की कुशलता है?

पूछे गए इन प्रश्नों में से अगर अधिकांश का जवाब आपके पास 'हां' है, तो समझिए आपके भीतर वह अभिरुचि है, जो कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी है।

## कॉमर्स में उपलब्ध विषयों के विकल्प

**बिजनेस इकोनॉमिक्स** – इस विषय में लॉ ऑफ डिमांड एंड सप्लाई, लॉ ऑफ रिटर्न्सर, इलास्टिसिटी, थ्योरी ऑफ प्राइसिंग अंडर डिफरेंट मार्केट फॉर्म्स आदि से संबंधित कॉन्सेप्ट के बारे में पढ़ाया जाता है।

**कॉस्ट अकाउंटिंग** – इस विषय में जॉब एंड कॉन्ट्रैक्ट कॉस्टिंग, ओवरहेड्स कॉस्टिंग, स्टैंडर्ड एंड वेरिएंस कॉस्टिंग और बजटरी कंट्रोल से जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

**ऑडिटिंग** – इस विषय में वैल्यूएशन, वाउचिंग ऑफ ट्रांजेक्शन, एसेट्स एंड लाइबिलिटी आदि से जुड़े मामलों के बारे में बताया जाता है। इसमें क्लब, हॉस्पिटल और चैरिटेबल संस्थानों जैसे संगठनों की ऑडिटिंग के बारे में भी सिखाया जाता है।

**फाइनेंशियल अकाउंटिंग**– यह विषय मुख्य रूप से प्रॉफिट एंड लॉस स्टेटमेंट, बैलेंस शीट, कंपनी अकाउंट, कैलकुलेशन ऑफ डेप्रिशिएशन एंड वैल्यूएशन ऑफ शेयर, गुडविल ऑफ कंपनी और नॉलेज ऑफ अकाउंटिंग स्टैंडर्ड (इंडिया/ इंटरनेशनल) आदि के बारे में जानकारी देता है।

**बिजनेस फाइनेंस** – इस विषय में फाइनेंशियल एनालिसिस और मैनेजमेंट ऑफ कैपिटल आदि व्यापारिक दुनिया की बुनियादी बातें समझायी जाती हैं। इसके अलावा लाभ के लिए पूंजी के बेहतर उपयोग की विधियों को समझने में भी यह विषय मदद करता है।

**इनकम टैक्स** – इस विषय के तहत इनकम टैक्स, टैक्स प्लानिंग, टैक्स डिडक्शन और नॉट टैक्सेबल इनकम आदि के बारे में नियमों व कर संबंधी कानूनों की जानकारी दी जाती है।

**बिजनेस लॉ** – व्यापार से संबंधित देश के अमूमन सभी कानून इस विषय के अध्ययन क्षेत्र में आते हैं। कंपनीज एक्ट और कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट आदि कानूनों को प्रमुख रूप से इस विषय में पढ़ाया जाता है।

**मार्केटिंग** – यह विषय प्रोडक्ट, प्राइसिंग मेथड, प्रोमोशन, डिस्ट्रिब्यूशन चैनल और लॉजिस्टिक्स आदि के बारे में बताता है।

**बिजनेस कम्यूनिकेशन** – यह विषय मुख्य रूप से व्यापार संबंधी संवाद कौशल को निखारने पर केंद्रित है। इस विषय के जरिए छात्रों को व्यापारिक कार्यों के लिए उपयोग में आने वाले बिजनेस लेटर, नोटिस और मेमो आदि को तैयार करने की कला सिखाई जाती है। मौखिक संवाद के बारे में भी यह विषय प्रशिक्षित करता है।

## रोजगार के लिए जरूरी कौशल

- आंकड़ों की गणना और उनके विश्लेषण में रुचि हो।
- संवाद का बेहतर कौशल हो।
- टीम के साथ काम करने और उसका नेतृत्व करने की क्षमता हो।
- संगठन संबंधी और प्रशासनिक क्षमताएं हों।
- तार्किक दृष्टि से चीजों को परखने का हुनर हो।
- सटीक और त्रुटिरहित काम करने में निपुणता हो।
- लंबी अवधि तक लगातार काम करने की क्षमता हो।
- अपने कार्य क्षेत्र से जुड़ी नई चीजों और नवीनतम तकनीकों को सीखने की जिज्ञासा हो।
- रचनात्मकता के साथ उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता हो।



# ह्यूमेनिटीज में भी भरपूर हैं रोजगार के अवसर

दसवीं और बारहवीं के स्तर पर साइंस और कॉमर्स के बाद छात्रों या अभिभावकों के सामने ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम शेष रह जाती है। इस स्ट्रीम को हालांकि छात्र और अभिभावक अपनी प्राथमिकता में पहले या दूसरे स्थान पर नहीं रखते, लेकिन बदलते वक्त के साथ इस स्ट्रीम से जुड़ी संभावनाओं का आकाश भी काफी विस्तृत हो गया है। इस लेख के माध्यम से छात्रों को ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम और उसमें निहित अवसरों को जानने–समझने में मदद मिलेगी। ह्यूमेनिटीज को कुछ वर्ष पहले तक एक ऐसे स्ट्रीम के रूप में देखा जाता था, जो या तो कम बुद्धिमान लोगों के लिए है या शिक्षक बनने की इच्छा रखने वालों के लिए। लेकिन मौजूदा वक्त में यह धारणा अप्रासंगिक हो चुकी है। अब ह्यूमेनिटीज की बदौलत ऊंचे पद, बड़ी उपलब्धियां और तरक्की पाई जा सकती है। शिक्षण के अलावा इसमें सैकड़ों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं, जो रुचिकर होने के साथ–साथ अपनी कार्य–प्रकृति में विशिष्ट भी हैं। ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम आपके सामने असीमित विकल्प रखती है। यकीन न हो, तो मानवीय गतिविधियों से जुड़े किसी भी क्षेत्र को देख लीजिए, आप हर क्षेत्र में ह्यूमेनिटीज के छात्रों को सफलता के साथ काम करता हुआ पाएंगे।

## क्या है ह्यूमेनिटीज

इस स्ट्रीम के अंतर्गत मुख्य रूप से मानव समाज और उसकी मान्यताओं का अध्ययन किया जाता है। इसके जरिए यह समझने का प्रयास किया जाता है कि लोग स्वयं को कैसे कला, धर्म, साहित्य, वास्तुकला और अन्य रचनात्मक कार्यों आदि के जरिए अभिव्यक्त करते हैं? इस कार्य के लिए इस स्ट्रीम के शोधार्थी एनालिटिकल और हाइपोथिटिकल मेथड का प्रयोग करते हैं। इस स्ट्रीम को मोटे तौर पर परफॉर्मिंग आर्ट्स (म्यूजिक), विजुअल आर्ट्स, रिलिजन, लॉ, एंसिएंट/ मॉडर्न लैंग्वेजेस, फिलॉस्फी, लिटरेचर, हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी आदि विषयों में बांटा जाता है। ह्यूमेनिटीज में कुई ऐसे विषय हैं, जिनकी पढ़ाई के बाद लॉ, जर्नलिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग और कम्यूनिकेशन आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएशन किया जा सकता है। ह्यूमेनिटीज के आम जिंदगी में महत्व को इस बात से भी आंका जा सकता है कि अब आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भी ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंसेज में पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास बारहवीं पास छात्रों के लिए ह्यूमेनिटीज में पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड एमए पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यह संस्थान एचएसईई (ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज एंट्रेंस एग्जामिनेशन) नाम से हर साल एक प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। इसी तरह आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एमए इन सोसायटी एंड कल्चर नाम से पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। दसवीं या बारहवीं पास करने वाले काफी छात्रों के मन में एक आम–सा प्रश्न होता है कि ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम को चुनने के बाद उनके करियर का स्वरूप कैसा होगा? इस प्रश्न का कोई सीधा जवाब नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि करियर का स्वरूप काफी हद उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम पर निर्भर होता है। किसी ह्यूमेनिटीज विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप कई क्षेत्रों में रोजगार पा सकते हैं। स्कूलों, म्यूजियमों, एडवर्टाइजिंग एजेंसियों, अखबारों, आर्ट गैलरियों, पत्रिकाओं और फिल्म स्टूडियो आदि में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इन अवसरों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि समय के साथ ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम पर आधारित संभावनाओं का फलक और विस्तृत हुआ है। सरकारी सेवाओं में जाने की इच्छा रखने वाले छात्र ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के साथ अपने सपने का साकार कर सकते हैं। वह कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में भी अपनी चुनौती पेश कर सकते हैं। चूंकि बैचलर डिग्री स्तर पर आर्ट्स के पाठ्यक्रमों में हिस्ट्री, जियोग्राफी और सिविक्स (नागरिक शास्त्र) आदि विषय पढ़ाए जाते हैं, जो तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होते हैं।

## ह्यूमेनिटीज के लिए जरूरी गुण

- किसी मुद्दे को समझने और उसका मूल्यांकन करने की क्षमता
- मानसिक और कामकाजी स्तर पर रचनात्मकता हो
- काम को व्यवस्थित करने और उन्हें तय समयसीमा में निपटाने का हुनर
- लिखित सामग्री को पढ़ने और उससे खास बिंदुओं को चुनने का कौशल हो
- बड़ी मात्रा में सूचनाओं और तथ्यों को समझने और ग्रहण करने की क्षमता
- अलग–अलग शैलियों में अच्छा लिखने का हुनर हो
- अपनी बात को प्रभावी शब्दों में स्पष्ट रूप से रखने में दक्षता हो
- शोध करने और तथ्यों के स्रोतों का मूल्यांकन करने की क्षमता हो
- चर्चाओं में भाग लेने और उनका नेतृत्व करने में रुचि हो
- निजी प्रेरणा से काम करने का जज्बा हो
- विचारों और सुझावों को व्यावहारिक रूप देने की कला हो
- निष्पक्षता और खुद में पूरा विश्वास हो
- अपनी बातों पर विचार–विमर्श को तैयार रहने का लचीलापन हो
- सांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित शोध में निष्कर्ष निकालने की क्षमता हो



### इन क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं

- राइटिंग
- प्रोग्राम प्लानिंग
- टीचिंग
- रिसर्च
- इंटरनल कम्यूनिकेशन
- पब्लिक रिलेशन्स
- पॉलिसी रिसर्च एंड एनालिसिस
- एडमिनिस्ट्रेशन
- सोशल वर्क
- मैनेजमेंट
- इंफॉर्मेशन
- जर्नलिज्म
- आर्कियोलॉजी
- एंथ्रोपोलॉजी
- एग्रीकल्चर
- जियोग्राफी
- एनजीओ
- इंडस्ट्रियल रिलेशन
- लाइब्रेरी साइंस
- लिबरल आर्ट्स
- फिलॉस्फी
- रिसर्च असिस्टेंस
- साइकोलॉजी



# 400 साल पुराने मंदिर में सिद्धार्थ से शादी करेंगी अदिति

बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ बॉलीवुड के चर्चित कपल में से एक है। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इनकी शादी को लेकर फैंस को लग रहा है कि ये किसी बड़े डेस्टिनेशन वेडिंग पर करेंगे, लेकिन ये बड़ी जगह शादी के लिए नहीं जा रहे हैं। अभिनेत्री ने एक बातचीत में खुलासा किया कि शादी की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, उन्होंने शादी की तारीख का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने अपनी अनोखी शादी की जगह के बारे में कुछ जानकारी दी। अदिति राव हैदरी ने हाल ही में एक बातचीत में कहा कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी 400 साल पुराने मंदिर के इर्द-गिर्द होगी। उन्होंने कहा, शादी वानापर्थी में 400 साल पुराने मंदिर के इर्द-गिर्द होगी, जो मेरे परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अदिति और सिद्धार्थ की मुलाकात 2021 में तेलुगु फिल्म महा समुद्रम के सेट पर हुई थी। इसी दौरान अदिति ने सिद्धार्थ के मैरिज प्रपोजल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, मैं अपनी नानी के सबसे करीब थी, जिनका कुछ साल पहले निधन हो गया था। उन्होंने हैदराबाद में एक स्कूल शुरू किया था। एक दिन सिद्धार्थ ने मुझसे पूछा कि क्या वह इसे देख सकते हैं। क्योंकि वह अच्छी तरह से जानते थे कि मैं उनसे कितनी करीब थी।

वह मार्च में स्कूल देखने के लिए आए। उन्होंने अदिति से उसे अपने दिल के करीब एक खास जगह दिखाने के लिए कहा कि नर्सरी सेक्शन के ऊपर एक मंजिल। उन्होंने याद करते हुए कहा, वह अपने घुटनों पर बैठ गए और मैंने उससे पूछा कि अब तुमने क्या खो दिया है? किसके जूते के फीते खुले हैं? वह कहते रहे कि अद्दू, मेरी बात सुनो। इसके बाद उन्होंने प्रोपोज किया। अदिति ने बताया, उन्होंने कहा कि वह मुझे मेरी पसंदीदा बचपन की जगह पर ले जाना चाहते हैं, जहां पर मेरी नानी का आशीर्वाद हो। उन्होंने इस साल मार्च में अपनी सगाई की घोषणा की थी। दोनों पिछले कुछ सालों से डेट कर रहे हैं।



# 5 साल बाद फिर से टीवी की दुनिया में वापसी करने वाली हैं अनिता हसनंदानी

**अनीता हसनंदानी टीवी की जानी-मानी हस्तियों में से एक हैं। लगभग 5 साल बाद वह फिर से टीवी की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत के दौरान एजाज खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर अपनी राय रखी। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें एजाज खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर पछतावा है या नहीं।**

## रिश्ते के चलते छोड़ा करियर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अभिनेत्री ने रिश्ते की खातिर बेहतरीन अवसरों को छोड़ने के बारे में बात की और कहा, 'मैंने अपने करियर के बहुत से मौके छोड़ दिए। ऐसा नहीं है कि उन्होंने मुझे मजबूर किया, लेकिन वह अक्सर कहते थे कि मैं नहीं चाहता कि तुम कोई फिल्म करो या मैं नहीं चाहता कि तुम ऐसा कोई सीन करो, इसलिए मैंने बहुत सारे बेहतरीन मौके छोड़ दिए, क्योंकि उस समय मेरे लिए प्यार या रिश्ता ज्यादा महत्वपूर्ण था। हम प्यार में बहुत बदल जाते हैं दूसरे व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए आप वह बन जाते हैं जो वे चाहते हैं कि आप बनें, तो मैंने थोड़ा अपने आपको चेंज कर लिया था।'

## रिश्तों को लेकर क्या कहा?

अपने रिश्तों को लेकर अनिता ने कहती हैं, 'मैं हमेशा एक देने वाली रही हूं, एक ऐसे व्यक्ति जिसने अधिक दिया और कम प्राप्त किया। मैंने बहुत कम उम्र में अपने पिता को खो दिया, इसलिए मुझे उस पुरुष की जरूरत है, जो मुझे गाइड करे, कोई मुझे समझाए, मुझे लगता है कि मुझे वो गाइडिंग लाइट चाहिए थी, इसलिए मेरे लिए जब भी कोई मेरी जिंदगी में आया, वो उस समय मेरी जिंदगी का केंद्र था।

## एजाज के साथ रिश्ते को लेकर कहा...

जब अभिनेत्री से एजाज के साथ उनके रिश्ते को लेकर पूछा गया कि क्या उन्हें एजाज के साथ अपने रिश्ते पर पछतावा है? तो अनीता ने थोड़ी देर की चुप्पी के बाद कहा, 'देखिए मैंने बहुत कुछ सीखा और मैं एक बेहतर इंसान बन गई। मुझे लगता है कि हम दो बहुत अच्छे लोग थे जो एक दूसरे के लिए अच्छे नहीं थे। मुझे बस एक बात का पछतावा है कि मैंने अपने बेहतरीन करियर को छोड़ दिया।'



# भुवन बाम ने बताया ताजा खबर का राज, कहा - यह मेरी जिंदगी की कहानी

भुवन बाम की ताज़ा खबर सीजन 2 का प्रसारण 27 सितंबर से शुरू होगा। अभिनेता और यूट्यूब सेंसेशन ने बताया कि यह परियोजना सिर्फ एक सीरीज नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन के ग्राफ को दर्शाती है। सीरीज में वसंत गवड़े का किरदार निभाने वाले भुवन ने कहा, ताजा खबर सिर्फ एक सीरीज नहीं है, यह मेरे जीवन के ग्राफ को दर्शाती है। वश?य का किरदार निभाना आसान था, क्योंकि वह मेरे लिए एक आईना है। सितारों तक पहुंचने की उनकी महत्वाकांक्षा और अपने परिवार की सेवा करने की उनकी लगन मेरे सपनों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बार, दर्शकों को किरदार में नए जटिलताओं का अनुभव होगा, मैं दर्शकों में यह देखने के लिए उत्सुक हूं।

रोहित राज और बाम द्वारा बीबी की वाइस प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित इस सीरीज को हिमांक गौर ने निर्देशित किया है। इसमें श्रेया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया है। निर्माता रोहित राज ने कहा, मैंने हमेशा ताजा खबर को एक रैग्स-टू-रिचेज (गरीबी से अमीरी) यात्रा के रूप में देखा है, इसमें मुंबई का स्थानीय स्वाद और ट्विस्ट है। एक फ्रैंचाइज के रूप में ताजा खबर के लिए हमारा एकमात्र विजन हमारे दैनिक जीवन से अनुभव प्राप्त करना, उन्हें विस्तृत करना और उन पर सूक्ष्म रूप से विचार करना है। उन्होंने कहा, भुवन की यात्रा को ताजा खबर के माध्यम से देखना अभिनय की दृष्टि से बहुत समृद्ध रहा है, उनकी यात्रा आगे और ऊपर की ओर बढ़ने वाली है। ताज़ा खबर सीजन 2 डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 27 सितंबर से प्रसारित होगा। भुवन ने बीते दिनों बताया था कि वह इस सीरीज में गीतकार-अभिनेता स्वानंद किरकिरे के साथ काम करने के लिए रोमांचित हैं। दोनों कलाकारों ने शो के दूसरे सीजन के लिए एक नए गीत पर सहयोग किया।



# यशराज फिल्म्स के साथ वापसी के लिए तैयार अली अब्बास जफर

मशहूर फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) में लौटने के लिए तैयार हैं। वह प्रोडक्शन हाउस जहां उन्होंने अपनी पहली चार सफल फिल्मों का निर्देशन किया था। कथित तौर पर निर्देशक वाईआरएफ बैनर के तहत एक-दो नहीं बल्कि कई फिल्मों पर काम करेंगे। यह घटनाक्रम जफर और उनके गुरु और वाईआरएफ प्रमुख, आदित्य चोपड़ा के लिए एक महत्वपूर्ण पुनर्मिलन का प्रतीक है। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, हमें यकीन है कि अली नई ऊंचाइयों को छुएंगे क्योंकि वह वाईआरएफ के लिए कई बड़े बजट की फिल्मों पर आदित्य चोपड़ा के साथ काम करने वाले हैं। सूत्र ने आगे कहा, दोनों ने अभी तक उन फिल्मों को तय नहीं किया है जिन्हें अली अब वाईआरएफ में निर्देशित करेंगे। लेकिन हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये दिलचस्प और नई कहानियां होंगी।

अली अब्बास जफर ने अपने निर्देशन की शुरुआत वाईआरएफ की 2011 की रोमांटिक कॉमेडी मेरे ब्रदर की दुल्हन से की थी। कैटरीना कैफ, इमरान खान और अली जफर मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही, जिससे जफर के लिए 2014 की एक्शन फिल्म गुंडे का निर्देशन करने का रास्ता खुल गया। रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, प्रियंका चोपड़ा जोनास और इरफान खान अभिनीत गुंडे एक बड़ी हिट साबित हुई। इसके बाद वाईआरएफ के साथ मिलकर अली अब्बास जफर ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इनमें सलमान खान और अनुष्का शर्मा अभिनीत कुश्ती ड्रामा सुल्तान (2016) भी शामिल है। यह फिल्म वाईआरएफ की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है।

# तंगालन एक्टर चियान विक्रम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम

चियान विक्रम इस वक्त अपनी फिल्म तंगालन को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। यह 15 अगस्त को साउथ में रिलीज हो चुकी है, और अब 6 सितंबर को हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाएगी। चियान विक्रम ने हाल ही एक इंटरव्यू में कहा कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। मालूम हो कि चियान विक्रम ने ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम नहीं किया है। उन्होंने साल 2010 में आई फिल्म रावन से बॉलीवुड में एंट्री की थी। हालांकि, उस फिल्म को एक साथ हिंदी और तमिल भाषा में शूट किया गया था। पर विक्रम अभी तक फुल फ्लेजेड हिंदी रोल से दूर ही रहे हैं। इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या वह किसी हिंदी फिल्म में काम करेंगे? इस पर विक्रम ने हामी भरी, पर साथ ही यह भी बताया कि वह किस शर्त पर किसी हिंदी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। विक्रम ने कहा कि वह रोल उतना ही आकर्षक और दमदार होना चाहिए, जितना वह तमिल फिल्मों में प्ले करते हैं।





# आजकल बस दोस्त-दुनिया सबको सॉफ्ट चिट्टी, वॉर्म चिट्टी लोरी सुना रहा हूं

फिल्म दंगल से बॉलिवुड में दमदार एंट्री मारने वाले अपारशक्ति खुराना ने एक तरफ जहां कॉमिडी में अपनी महारत दिखाई, वहीं वेब सीरीज जुबली में सीरियस अवतार में ऐक्टिंग की रेंज दिखाकर चौंकाया। इन दिनों स्त्री 2 की सुपर सफलता एंजाय कर रहे अपारशक्ति जल्द ही कई और फिल्मों में अलग-अलग अवतार में दिखेंगे।

**स्त्री 2 को दर्शकों का जितना प्यार मिल रहा है, ऐसा बहुत कम सीक्वल फिल्मों के साथ होता है। आपके हिसाब से इस टीम ने क्या चीज सही की, जो ज्यादातर लोग नहीं कर पाते? आपको क्या-क्या कॉम्प्लिमेंट मिले?**

सच कहें तो फिल्म शूट करते वक्त तो सबके दिमाग में बस यही था कि अच्छा काम करना है। मुझे लगता है कि यहां कहानी बहुत सफाई से पहली फिल्म से दूसरी पर जाती है, तो इसकी सबसे बड़ी ताकत राइटिंग है। दूसरे, हम सबकी जो बॉन्डिंग है, खास तौर पर मेरी, राजकुमार राव और अभिषेक बनर्जी की, वो फिल्म से परे भी इतनी मजबूत हो चुकी है कि वो दोस्ती पर्दे पर दिखती है और लोग उससे कनेक्ट करते हैं लेकिन इसका सबसे बड़ा श्रेय मैं ऑडियंस को दूंगा जिसने फिल्म को इतना प्यार दिया।

**आगामी फिल्म बर्लिन में आप साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट का रोल कर रहे हैं। उसकी तैयारी कैसे की? वहीं, बदतमीज गिल में भी फिर कॉमिडी है?**

अभी तक मेरे साथ क्या होता था कि कहीं खड़ी बोली बोलनी है, कहीं पर अवधी तो कहीं पर हरियाणवी। जैसे दंगल में हरियाणवी थी, स्ट्रीट डांसर में पंजाबी तो जुबली में हल्का बंगाली टच देना था। जबकि, यहां साइन लैंग्वेज सीखनी थी, जो एकदम अलग चीज थी। इसी वजह से मुझे अपने प्रफेशन से प्यार है। यहां इतनी सारी नई-नई चीजें करने को मिलती हैं जो कहीं और संभव नहीं है। मुझे साइन लैंग्वेज सीखने और शूटिंग के दौरान उसके जरिए पूरा केस इंवेस्टिगेट करने में बहुत मजा आया। जबकि, बद्तमीज गिल एक पंजाबी फैमिली की कहानी है, जिनकी आपस में बनती नहीं है। इसमें वाणी कपूर मेरी बहन बनी हैं और परेश रावल हमारे पापा बनेहैं। इसमें हमारी जैसी लड़ाई आपको दिखेगी, वैसी हर भारतीय परिवारों में दिखती है।

**स्त्री 2 मनोरंजन के साथ-साथ औरतों की शक्ति की बात कहती है, पुरुष सत्ता की छोटी सोच पर चोट करती है। इधर, कोलकाता से लेकर बदलापुर तक में औरतों के प्रति जो हैवानियत दिखी है, एक बेटी के पिता होने के नाते आप कितना डरते हैं?**

निश्चित तौर पर इसके बारे में सोचकर ही बहुत डर लगता है। हमने फिल्म का संदेश इसीलिए ऐसा रखा है कि लोगों तक यह बात पहुंचे और वे थोड़े जागरूक हों, क्योंकि जब भी ऐसा कोई वाकया होता है, हम अंदर तक कांप जाते हैं। मुझे लगता है कि सरकार के अलावा, हमें खुद भी थोड़ी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी।

# क्या 32 की उम्र में शादी के तैयार हैं रिया चक्रवर्ती?

रिया चक्रवर्ती ने हाल ही में, शादी को लेकर बातचीत की है और इस पर अपनी राय साझा की है रिया चक्रवर्ती ने एक पॉडकास्ट में कहा कि शादी करने की कोई उम्र नहीं होती है उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी पर शादी करने का दबाव क्यों होना चाहिए उन्होंने कहा कि महिलाओं पर ही इस बात का ज्यादा दबाव होता है, क्या ये इसलिए है, क्योंकि उनकी एक बायोलॉजिकल क्लॉक होती है रिया ने कहा कि वो अपने करियर में फिलहाल काफी कुछ करना चाहती हैं और शादी के लिए तैयार नहीं हैं रिया चक्रवर्ती को लेकर मीडिया रिपोर्टस में कहा जा रहा है कि वो उद्योगपति निखिल कामथ को डेट कर रही हैं



भाजपा का सदस्यता अभियान

# सांसद, तीनों विधायकों ने ली सदस्यता, पीएम मोदी नंबर-0001

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी भाजपा ने 2 सितंबर 2024 से देश भर में भारतीय जनता पार्टी के अभियान का शुभारंभ 2 सितंबर 2024 को किया। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का




नए सदस्य बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर का अभियान शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा का सदस्यता अभियान 3 सितंबर 2024 से शुरू कर दिया गया है। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद डा. महेश शर्मा व गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली तीनों अहम विधानसभाओं से भाजपा विधायकों ने भी पार्टी की नए सिरे से सदस्यता ग्रहण कर ली है।

## नेताओं को दिये गये सदस्यता फार्म पर नंबर

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के सदस्यता सदस्यता नंबर-70xxxx0001 है। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 70xxxx0001, देश के गृहमंत्री अमित शाह को 70xxxx0003, केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को 70xxxx0004 तथा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकारी को 70xxxx0005 सदस्यता नंबर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भाजपा की नए सिरे से सदस्यता ग्रहण की है। मुख्यमंत्री योगी को सदस्यता नंबर 70xxxx3055 दिया गया है।




**गौतमबुद्धनगर के सांसद व तीनों विधायकों ने ली सदस्यता**

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. महेश शर्मा ने भी भाजपा की सदस्यता नए सिरे से ग्रहण की। पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल पदाधिकारियों द्वारा सांसद डॉ महेश शर्मा को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई गई। सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, मंडल प्रभारी राजेन्द्र अवाना, मंडल महामंत्री अनिल पेशावरिया, मंडल उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तोमर, शशीधर उपाध्याय, मंडल मंत्री अजय सक्सेना एवं पी.सी.पंचोली (मिडिया प्रभारी) इस दौरान मौजूद रहे। सांसद डा. महेश शर्मा का सदस्यता नंबर 70xxxx5873 है। इसके साथ ही नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह का सदस्यता नंबर 70xxxx3046, दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल सिंह नागर का सदस्यता नंबर 70xxxx7698 तथा जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह का सदस्यता फार्म नम्बर 70xxxx5746 है।

**दो चरणों में अभियान**

भाजपा द्वारा शुरू किये गये राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को दो चरणों में चलाया जाएगा। पहला चरण 2 सितंबर से शुरू होकर 25 सितंबर 2024 तक चलेगा। दूसरे चरण का अभियान 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा का उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ से ज्यादा नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर 200-200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। भाजपा के उत्तर प्रदेश में एक लाख 62 हजार बूथों के अलावा प्रकोष्ठ व विभिन्न मोर्चा है। भाजपा ने सदस्यता के लिए टोल फ्री नम्बर 8800002024 और बारकोड भी जारी कर दिया है।

# पीएम मोदी 11 सितंबर को आ सकते हैं ग्रेटर नोएडा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 सितंबर को ग्रेटर नोएडा आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन, शासन व पीएम की सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 सितंबर 2024 को ग्रेटर नोएडा आ सकते हैं। प्रधानमंत्री इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इलेक्ट्रोनिक इंडिया व प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया का उदघाटन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 11 सितंबर से 13 सितंबर तक प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 सितंबर को ग्रेटर नोएडा आगमन के संभावित कार्यक्रम को लेकर ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में मंगलवार को बैठक हुई। इस बैठक में शासन व जिला प्रशासन के अलावा प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई।

**प्रधानमंत्री का कार्यक्रम नहीं मिला**

गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे से जुड़ा कार्यक्रम अभी जिला प्रशासन को नहीं मिला है। संभावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा करने के लिए बैठक की गई है।

# मच्छरों का लार्वा मिलने पर सुपरटेक इको विलेज-॥ सोसायटी पर 10 हजार का चालान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला मलेरिया अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा सुपरटेक ईको विलेज-॥ सोसायटी में निरीक्षण में पाया गया कि बेसमेन्ट में कुछ स्थानों पर पानी का जमाव है, जिसमें लार्वा पाया गया जिसके सापेक्ष 10,000 रूपए का चालान किया गया तथा सोसायटी के जिन टॉवरों में अधिकतम रोगी पाये गए उन टॉवरों के फ्लेट से पानी का सैम्पल लिया गया, जिसे जांच के लिए भेजा गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 02/09/2024 को रात्रि 12:30 पर सूचना प्राप्त हुई कि उल्टी एवं दस्त के कुछ रोगी सुपरटेक इकोविलेज-2 से0-16 बी ग्रेटर नोएडा सोसायटी में पीड़ित है। तत्काल चिकित्सा अधीक्षक डा0 शचीन्द्र मिश्रा द्वारा टीम भेजी गयी, जिसमे डा0 महकार, निर्मल वर्मा वरिष्ठ फार्मासिस्ट, अरविन्द्र एल0टी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया की लगभग 200 लोग उल्टी दस्त एवं पेट दर्द से पीड़ित है तथा 06 बच्चे चिकित्सालय में भर्ती है। कुछ लोगो को तत्काल औषधियां उपलब्ध कराई गयी।

सुबह जिला मलेरिया अधिकारी एवं उनकी टीम तथा चिकित्सा अधीक्षक सामु0स्वा0के0 बिसरख द्वारा इकोविलेज-2 सै0-16 बी ग्रेटर नोएडा सोसायटी का भ्रमण किया गया तथा सोसायटी में मेडिकल कैंप लगया गया। मेडिकल टीम सदस्यो डा0 नेहा सिरोहा, डा0 मतलूब, डा0 भोजराज, निर्मल वर्मा वरिष्ठ फार्मासिस्ट, ट्रेनी फार्मासिस्ट सुहैल सैफी एवं नरेश द्वारा 339 मरीजो की जांच की गयी, जिसमें 09 बुखार के मरीज व पेट दर्द, उल्टी एवं दस्त के 330 मरीज मिले। मेडिकल टीम द्वारा सभी मरीजो को उपचार उपलब्ध कराया गया व आवश्यक औषधियों तथा ओ0आर0एस0 के पैकेट का वितरण भी किया गया।

# 6 को धरना प्रदर्शन करेंगे अधिवक्ता



**नोएडा ( चेतना मंच )।** डूब क्षेत्र में रजिस्ट्री कराने के जिले के सभी बार एसोसिएशन ने 6 सितंबर को धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। डूब क्षेत्र में हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन करने के लिए जिला गौतमबुद्धनगर की समस्त बार एसोसिएशन के पदाधिकारी की एक बैठक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के कार्यालय में की गई।

जिसमें शिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश भाटी व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कलैक्टेट के अध्यक्ष बिनोद भाटी, पूर्व अध्यक्ष जयपाल भाटी, सचिव हेमन्त शर्मा, ग्रेटर नोएडा बैनामा लेखक संघ अध्यक्ष महेश नागर, अनिल भाटी, दीपक शर्मा, दादरी बार एसोसिएशन दादरी व जेवर बार एसोसिएशन उपस्थित हुए।

सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि अगर 5 सितंबर तक हाईकोर्ट के आदेश का पालन नही हुआ तो समस्त अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर पर धरना देंगे।

# सेक्टर-82 में खाली फ्लैटों में अवैध तरीके से रह रहे हैं लोग : राघवेन्द्र दुबे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-82 के ईडब्ल्यूएस पॉकेट-7 की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सिविल अनिल कुमार को सेक्टर-19 स्थित प्राधिकरण कार्यालय पर पत्र सौंपा।

राघवेंद्र दुबे ने बताया कि प्राधिकरण के पचास से अधिक खाली फ्लैटों में लोग बिना अनुमति के अवैध रूप से रह रहे हैं। अवैध रूप से रह रहे लोगों से तुरंत फ्लैटों को खाली कराया जाए। जो अधिकारी प्राधिकरण कर्मचारी को वहां रखेगा उसे लिखित में देना होगा और उसकी आईडी बनानी पड़ेगी। शिकायत यह भी है कि कुछ से किराया भी वसूला जा रहा है। पॉकेट में 22 जुलाई को सात घरों में चोरियां हुई थी इसलिए अवैध रह रहे लोगों से सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके अलावा जिम की उखड़ रही टाइल्स को रिपेयर करवाने, प्राधिकरण के जर्जर हो गए खाली फ्लैटों की मरम्मत करवाने, सीमेंट की जगह डामर से आंतरिक रोड बनाने, नाला पटने के कारण बाउंड्री वॉल छोटी हो गई है जिससे सुरक्षा को खतरा है इसलिए



**प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधकों से की शिकायत**

तार फैंसिंग को डबल करवाने एवं गार्ड रूम के बगल में लैट्रिन वा यूरिनल बनाने के लिए अनुरोध किया।

वरिष्ठ प्रबंधक अनिल कुमार ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# अब सांस्कृतिक विरासत को लगेंगे पंख

## शीघ्र ही होगा सलाहकार कंपनी का चयन, जारी होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कैलेंडर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांस्कृतिक विरासत को संजाये रखने तथा इसको लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सकारात्मक पहल शुरू की है। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जा रहा है। 50वें स्थापना दिवस के पूर्व प्राधिकरण नोएडा में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कैलेंडर भी जारी करेगी।

नौएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

सलाहकार कंपनी सोसाइटी और सेक्टरों में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने का काम करेगी। कंपनी शहर की सांस्कृतिक जीवंतता और गौरव की भावना को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई नितियों पर प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगी। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा, इस परियोना का प्रमुख उद्देश्य नोएडा के लिए एक अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान विकसित करना। जिसके जरिए सामाजिक और मनोरंजक स्थान बनाना साथ ही नागरिक जुड़ाव और सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा देना है।

सीईओ ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों के विपरीत, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और त्यौहार अक्सर आयोजित किए जाते हैं। नोएडा को अक्सर कार्यालयों और हाउसिंग सोसायटी के शहर के रूप में देखा जाता है। सीईओ ने कहा कि नोएडा तीन साल में अपनी 50वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहा है, हम इसे सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे में निवेश करने का सही समय मानते हैं। ये अधिक सामुदायिक जुड़ाव के लिए एक विषेश समय होगा।

इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण ने एक सलाहकार को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। ये कंपनी सालाना सांस्कृतिक कार्यक्रम बनाएगी। ये कार्यक्रम कहा आयोजित किए जाएंगे इसके लिए बुनियादी ढांचा भी तैयार किया जाएगा। जिसमें सभागार, पार्क और एम्फीथिएटर भी शामिल होगा। यह सलाहकार प्राधिकरण को आवश्यक सार्वजनिक स्थानों के बारे में भी सूचित करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें शहर की उभरती जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया है।

नॉलेज पार्टनर द्वारा नियुक्त टीम में प्लेस मार्केटिंग एक्पर्ट, कल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर एक्सपर्ट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट, शहरी नियोजन, डिजाइन एक्सपर्ट और एक प्रोजेक्ट कार्डिनेटर शामिल होंगे। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी। जिसके बाद कंपनी का चयन कर काम शुरू किया जाएगा।

# शीघ्र ही संचालित होंगी 100 सिटी बसें

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के समक्ष उत्तर प्रदेश के



उपक्रम डायरेक्ट्रेट अर्बन ट्रांसपोर्ट की टीम द्वारा योजना का प्रेजेंटेशन किया गया।

पहले चरण में नोएडा के आंतरिक मार्गों, नोएडा से दिल्ली, नोएडा से गाजियाबाद, नोएडा से ग्रेटर नोएडा के रूटों पर बसों का प्रजेंटेशन किया गया। इस मौके पर सीईओ ने डायरेक्ट्रेट अर्बन ट्रांसपोर्ट की प्रस्तुतीकरण एवं महुआ द्वारा पीएम ई बस सर्विस के अन्तर्गत स्वीकृत 100 ई-बसों की योजना का विस्तृत अध्ययन कर इसको जल्द से जल्द चलाने का निर्देश भी दिया।

इन ई-बस को खड़ा करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और ई चार्जिंग स्टेशन नोएडा प्राधिकरण की ओर से दिया जाएगा। ये इंफ्रा

**शहरी परिवहन निदेशालय की टीम ने सीईओ को दिया प्रजेंटेशन**

सिटी बस टर्मिनल सेक्टर-80 में हो सकता है। इसको बनाने के लिए अधिकारियों को कहा गया। वही रूट को फाइनल किया जाए। ताकि जल्द ही यहां बसों को चलाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा में मिनी बस सेवा चलेगी। जिसमें एक साथ 35 लोग सफर कर सकेंगे। ये बस मेट्रो फीडर सेवा के अलावा जीरो माइल कनेक्टिविटी के अनुसार काम करेगी।

# सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज गुप्ता, महासचिव दिनेश कृष्णन व उनकी पूरी टीम ने सोमवार को शपथ ग्रहण की।

शपथ ग्रहण समारोह में रिटायर्ड जज अजय श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, भारतीय जनता पार्टी से महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रिटायर्ड जज अजय श्रीवास्तव ने सभी को शपथ ग्रहण कराई और सेक्टर के ऐतिहासिक विकास के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं शपथ ग्रहण के बाद अनुज गुप्ता ने मौजूद मुख्य अतिथि संजय बाली व मनोज गुप्ता से सेक्टर के बीच बह रहे खुले नाले को ढकने का



जिक्र किया। साथ ही सेक्टर में लगने वाले जाम से निजात हेतु ट्रैफिक पुलिस और सेक्टर वासियों की सुरक्षा हेतु पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। सांसद प्रतिनिधि संजय बाली व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि वे सेक्टर के विकास और सेक्टर वासियों की सुरक्षा के लिए अनुज गुप्ता का हर तरह से सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष केशव गंगल, कुलदीप गुप्ता, अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल, राजेंद्र जैन, सुनील गुप्ता, विकास बंसल, अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व महासचिव विपिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नोएडा पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, महासचिव नरेंद्र चोपड़ा, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, सेक्टर 56 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी, सेक्टर 40 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल खन्ना, सेक्टर 51 आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार, सेक्टर 122 से देवेंद्र कुमार, स्वाति अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, हाई कोर्ट एडवोकेट संजय अग्रवाल, एडवोकेट रणपाल अवाना, डीपी गोयल, बलराज गोयल, अल्पेश गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतनारायण महावर, डायमंड किंग सौरभ अग्रवाल, समेत सैकड़ो की संख्या में शहर के गणमान्य भी सेक्टर 11 के निवासी मौजूद रहे।

